तापमान
अधिकतम 31.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

# हरिभूमि कांकेर भूमि

रायपुर, शुक्रवार, 21 मार्च 2025

14 बस्तर पंडुम का उद्देश्य जनजाति संस्कृति...



14 बीएसएफ शिविर में उपचार किया व सामग्री...





## खबर संक्षेप



### उल्लास साक्षरता कार्यक्रम का प्रवेशपत्र किया वितरित

**अंतागढ़।** उल्लास साक्षरता कार्यक्रम के अंतर्गत 23 मार्च को आयोजित परीक्षा के संबंध में अंतागढ़ में बीईओ संजय ठाकुर, एबीईओ प्रवीण चतुर्वेदी, बीआरसी कृष्ण कुमार नाग एवं कार्यक्रम के नोडल देव कुमार उइके के द्वारा सभी संकुल समन्वयकों का बैठक 20 मार्च को लिया गया। बैठक में 22 पंचायत और 02 नगर पंचायत वार्ड के 2400 परीक्षार्थी को परीक्षा में उपस्थित कराकर परीक्षा संपन्न कराने के लिए विस्तार से जानकारी दिया गया। बैठक पश्चात सभी संकुल समन्वयकों को प्रवेश पत्र और प्रश्न पत्र वितरण किया गया।

### कृषकों के दल को जनपद अध्यक्ष ने किया रवाना



**दुर्गूकोंदल।** कृषक भ्रमण कार्यक्रम में विकास खंड कोयलीबेड़ा और दुर्गूकोंदल के 30 कृषक को दुर्गूकोंदल जनपद पंचायत के अध्यक्ष गोपी बढ़ाई ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। कृषकों को नारायणपुर, जगदलपुर एवं विशाखापत्तनम शहरों के पशु पालन केंद्रों में 20 मार्च से 26 मार्च तक भ्रमण कराया जाएगा। इस अवसर पर डॉ. डीके कलिहारी, डॉ. अल्का ठाकुर, डॉ. सरिता ठाकुर, विष्णु साहू, प्रमीला तुलावी, महादेव रावटे, मिलेश्वर बढ़ाई के अलावा किसान व ग्रामीण उपस्थित रहे।

### लो वोल्टेज पर 24 को कांग्रेस का प्रदर्शन

**पखांजुर।** परलकोट में लो वोल्टेज की समस्या को लेकर 24 मार्च को कांग्रेस पार्टी ने धरना प्रदर्शन का आव्हान किया है। कांग्रेस का आरोप है कि परलकोट ईलाके में लो वोल्टेज की समस्या ज्यादा हो रही है। धरना प्रदर्शन की जानकारी पार्षद राजदीप हालदार ने मीडिया को दिया।

### कोषालय विभाग में 24 तक चेक बुक जमा करनी होगी

**कांकेर।** वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए समस्त आहरण संवितरण अधिकारियों को चेक बुक उपयोग किए गए तथा निरंक चेक का स्पष्ट विवरण करते हुए 24 मार्च को शाम साढ़े पांच बजे तक कोषालय में अनिवार्य रूप से जमा करने कहा गया है। वरिष्ठ कोषालय अधिकारी ने बताया कि अत्यावश्यक परिस्थितियों में 26 से 28 मार्च तक कोषालय अधिकारी, संचालक बजट से उनके ई-मेल आईडी के माध्यम से स्वीकृति प्राप्त कर संबंधित आहरण एवं संवितरण अधिकारी को चेक बुक उपलब्ध कराया जाएगा, जिस पर संबंधित डीडीओ के हस्ताक्षर एवं वरिष्ठ कोषालय अधिकारी द्वारा प्रतिहस्ताक्षर किए जाएंगे। इसी तरह सभी कार्य विभागों एवं वन विभाग जिनके द्वारा चेक के माध्यम से भुगतान की कार्यवाही की जाएगी। वित्त विभाग के निर्देशानुसार ऐसे आहरण एवं संवितरण अधिकारियों द्वारा ऑनलाइन पेमेंट फाइल का जनरेशन 24 मार्च को शाम साढ़े 5 बजे के बाद नहीं किया जाए। अत्यावश्यक प्रकरण में कोष विभाग की वेबसाईट में सहमति पश्चात ही ऑनलाइन भुगतान किया जा सकेगा।

### अग्निवीर भर्ती के लिए 10 अप्रैल तक है मौका

**कांकेर।** भारतीय सेना में अग्निवीर भर्ती 2025 के लिए वेबसाईट पर ऑनलाईन आवेदन 10 अप्रैल तक जमा किया जा सकता है। जिला रोजगार अधिकारी ने बताया कि अग्निवीर की भर्ती जनरल तकनीकी शेष पेज 12 पर

## मुठभेड़ : नक्सली ठिकाने पर फोर्स को मिले कई हथियार और नक्सली सामग्री

# फोर्स की बिनागुंडा इलाके में कंपनी नंबर 5 से मुठभेड़, चार नक्सली ढेर


हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

कांकेर और नारायणपुर की सीमा से लगे बिनागुंडा के दक्षिण छोर के ईलाके में 20 मार्च की सुबह फोर्स से कंपनी नंबर 05 के साथ मुठभेड़ हुई, जिसमें फोर्स को 04 नक्सलियों को मार गिराने में सफलता मिली है। इसके साथ ही कई हथियार भी मिले है। समाचार लिखे जाने तक टीम बिनागुंडा के दक्षिणी ईलाके पर सर्चिंग कर रही थी और टीम को जंगल से वापिस आने में कम से कम 16 घंटे लग सकते है। पुलिस शुक्रवार को मौत के आगोश में समाने वाले नक्सलियों और मुठभेड़ का खुलासा कर सकती है।

जानकारी के अनुसार कांकेर के उच्च अधिकारियों को इनपुट मिला कि कंपनी नंबर 05 के प्रमुख राजू सलाम और विजय रेड्डी अपनी टीम के साथ बिनागुंडा के दक्षिणी छोर पर डेरा जमाए हुए है। उच्च अधिकारियों ने इनपुट की तस्दीक करने के उपरांत बीती रात को फोर्स को रवाना किया। बिनागुंडा के दक्षिणी छोर में 20 मार्च की सुबह मुठभेड़ हो गई और दोनो तरफ से कई घंटो तक अधाधुंध गोलियां चली। बिनागुंडा के ग्रामीणों का कहना था कि गोलियों की आवाज गांव तक सुनाई दिया। इससे यह अंदाज लगाया जा सकता है कि फोर्स के घेरे को तोड़ने के लिए हार्डकोर नक्सलियों ने अधाधुंध गोली चलाई, वहीं फोर्स अपने बचाव में भी फायरिंग किया। नक्सलियों के घिर जाने से भाग रहे नक्सली फोर्स की गोलियों के शिकार हुए। यह फोर्स को शेष पेज 12 पर

### खास बातें

- डेढ़ साल में साय शासन में बिनागुंडा में इलाके में पांच बार हुई मुठभेड़
- मुठभेड़ में सुबह दोनों तरफ से घंटों चली अधाधुंध गोलियां
- ठिकाने के आस पास से चारों नक्सलियों के शव बरामद




### बिनागुंडा नक्सलियों का सेफ जोन

बिनागुंडा नक्सलियों के लिए सेफ जोन शुरू से रहा है। भाजपा सरकार बनने के उपरांत फोर्स तीन से चार बार इस ईलाके में गई है और हर बार सफलता मिली है। फोर्स इस ईलाके को भी क्लियर करने में लगी हुई है। यह ईलाका कंपनी नंबर 05 के लिए अभी भी सेफ जोन बना हुआ है, परंतु पुलिस इस ईलाके पर लगातार आपरेशन करके नक्सलियों को इस ईलाके से हटने के लिए मजबूर करने में डटी हुई है।

### एसएलआर सहित 4 हथियार व अन्य सामग्री मिली

जानकारी के अनुसार बिनागुंडा के दक्षिणी ईलाके में हुई मुठभेड़ में सर्चिंग में फोर्स को एक एसएलआर, एक थ्री नाट थ्री, एक यूबीजीएल, एक 12 बोर बंदूक के अलावा नक्सलियों की अन्य सामग्री भी मिली है। यह ईलाका जंगली है और मैदानी ईलाके से बहुत दूर है। फोर्स कितना सामग्री लाती है और कितना नष्ट करती है। फोर्स के जंगल से वापिस आने के बाद ही स्पष्ट हो पाएगा।

### फोर्स जंगल में, आज होगी वापसी

फोर्स बिनागुंडा के दक्षिणी छोर में है और लगातार सर्चिंग कर रही है। वरिष्ठ अधिकारियों का मानना है कि फोर्स जंगल में है और नक्सली शव को लाना है, इसलिए सुरक्षा का ध्यान रखा जा रहा है और जंगल से फोर्स शव व नक्सलियों के ठिकाने से जप्त सामग्री को आज शुक्रवार को लेकर वापिस होंगे, तभी पूरी तस्वीर स्पष्ट हो पाएगी।

### 4 नक्सलियों के शव और मिले हथियार

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आई. कल्याण ऐलेसिला से हरिभूमि ने इस विषय पर बात किया तो उन्होने बताया कि गुरूवार 20 मार्च को बिनागुंडा के दक्षिणी ईलाके में सुबह-सुबह कंपनी नंबर 05 के नक्सलियों से मुठभेड़ हुई है और अभी तक 04 नक्सलियों के शव मिले है और इसके साथ हथियार भी मिले है। फोर्स जंगल में है, जंगल से फोर्स के वापिस आने के बाद ही विस्तृत जानकारी दिया जा सकेगा।

## महिलाओं को जल संरक्षण की टूराखार में दी जानकारी



**कांकेर।** लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा जिले के विकासखण्ड कांकेर के ग्राम टूराखार में जल जीवन मिशन योजनांतर्गत महिला जन जल जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में ग्राम जल स्वच्छता समिति में जल बहनियों द्वारा ग्रामीण महिलाओं को जल संरक्षण, पेयजल की महत्ता और जल जीवन मिशन के विभिन्न पहलुओं की विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही महिलाओं के सशक्तिकरण पर विशेष जोर दिया गया, जिससे वे जल प्रबंधन में अधिक सक्रिय भागीदारी निभा सकें। जल संरक्षण, जल संवर्धन और स्वच्छता से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों पर ग्रामीणों को जागरूक किया गया।

### पीपीटी की प्रवेश परीक्षा 1 मई को

**कांकेर।** शासकीय पॉलिटेक्निक के प्राचार्य के अनुसारप्री-पॉलिटेक्निक टेस्ट 01 मई को आयोजित किया जाएगा। परीक्षा के लिए न्यूनतम अर्हता गणित एवं विज्ञान विषयों के साथ कक्षा दसवीं निर्धारित है। उन्होंने बताया कि वर्तमान में कक्षा दसवीं की परीक्षा में सम्मिलित विद्यार्थी भी पीपीटी की परीक्षा में सम्मिलित हो सकते हैं। सत्र 2025-26 के लिए शासकीय पॉलिटेक्निक कांकेर में सिविल, इलेक्ट्रॉनिक्स एवं मैकेनिकल ब्रांच में प्रवेश के लिए प्री-पॉलिटेक्निक टेस्ट के लिए आवेदन प्रारंभ हो गया है। अभ्यर्थी 11 अप्रैल तक अपना ऑनलाइन आवेदन सीजी व्यापम के वेबसाइट पर जाकर भर सकते हैं।

## एमजी वार्ड चोरी कांड के आरोपी होली मनाने पहुंचे और पुलिस के हत्थे चढ़े

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

- चोरी के बाद में हैदराबाद में छुपे थे



शहर कांकेर के एमजी वार्ड से दो युवक ने सूने मकान से मोबाईल व चांदी के जेवर की चोरी करके हैदराबाद फरार हो गए थे। होली त्यौहार के मौके पर घर आए और पैसा खत्म होने पर चोरी के मोबाईल को बेचने के फिराक में थे, तभी पुलिस ने एक चोर को धरदबोचा। चोर ने अपने साथी के साथ मिलकर चोरी करना स्वीकार किया।

थाना में शिकायत करने पहुंचे आमापारा कांकेर निवासी 34 वर्षीय विक्रांत वासनीकर पिता स्व. रामभरोस वासनीकर ने 8 मई को शिकायत दर्ज कराते हुए कांकेर पुलिस को बताया था कि एमजी वार्ड स्थित मकान में सास सुशीला रामटेके के सूने मकान में सोने चांदी के जेवरात मोबाईल व अन्य जुमला कीमत 1 लाख 92 हजार रूपएं नहीं था। अज्ञात के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर आरोपी का पता तालाश किया जा रहा था, तभी 20 मार्च को मुखबिर से पुलिस को जानकारी मिला कि संदेही सुभाष वार्ड कांकेर निवासी 30 वर्षीय नागेश अवस्थी पिता लक्ष्मीचंद अवस्थी एमजी वार्ड कांकेर स्थित सुशीला रामटेके के मकान से चोरी किए मोबाईल को रखकर नए बस स्टैण्ड में बिक्री करने ग्राहक तलाश रहा है। पुलिस नए बस स्टैण्ड पहुंचकर घेराबंदी कर संदेही नागेश अवस्थी को पकड़कर हिरासत में लेकर पूछताछ किया। पूछताछ में बताया कि 6 मई को अपने साथी रवि सारथी के साथ सूने मकान का ताला तोड़कर दोनो ने मकान के अंदर से एक नग विवो कंपनी का मोबाईल तथा एक जोड़ी चांदी के पायल को चोरी किया। पायल को रवि सारथी को बंटवारे में देना व मोबाईल को अपने पास रखा और पुलिस को चोरी का पता मत चले कहकर हैदराबाद भाग गया था। होली त्यौहार के लिए 15 मार्च को वापसि घर सुभाषवार्ड आया था। पैसा समाप्त होने पर अपने बंटवारे में मिले मोबाईल को बेचने के लिए नए बस स्टेण्ड कांकेर में ग्राहक तलाश कर रहा था। आरोपी नागेश अवस्थी और एमजी वार्ड निवासी 25 वर्षीय रवि सारथी पिता मदन सारथी के कब्जे से मोबाईल कीमत 15 हजार रूपएं तथा एक जोड़ी चांदी का पायल कीमत 3 हजार रूपएं को जप्त किया गया। आरोपियों को न्यायिक रिमांड पर न्यायालय भेजा गया।

प्रकरण में थाना प्रभारी कांकेर निरीक्षक मनीष नागर, सहायक उप निरीक्षक वेदन सलामे, महिला प्रधान आरक्षक ज्योति साहू, प्रधान आरक्षक फकीर सिन्हा, आरक्षक दुर्गेश सोनवानी, लोकेश्वर मौर्य, संतोष मरकाम, लोकेश पोटाई की अहम भूमिका रही।

## कच्चे शीतलामंदिर की दान पेटी से नकदी की चोरी, विवेचना जारी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भानुप्रतापपुर

कच्चे स्थित शीतला मंदिर में बीती रात को अज्ञात चोरों ने धावा बोलते हुए आलमारी और दान पेटी को तोड़कर उसमे रखे नगदी की चोरी कर रफूचक्कर हो गए। कच्चे पुलिस को चोरी के घटना की जानकारी दे दी गई है। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच में जुट गई।

कच्चे में स्थित शीतला मंदिर समिति के पदाधिकारियों को गांव के लोग जो पूजा करने 20 मार्च को गए थे, उन्होने बताया कि मंदिर की दान पेटी का ताला टूटा हुआ है और सामान बिखरा हुआ है। समिति के पदाधिकारियों ने इसकी जानकारी पुलिस को दिया और पतासाजी करने पर पता चला कि अज्ञात चोर 18 मार्च को दान पेटी में रखे लगभग 15 हजार की चोरी करके भाग गए। मंदिर के दान पेटी से चोरी करने की घटना की जानकारी पूरे गांव में फैलने से ग्रामीणों में आक्रोश बना हुआ है। समिति के पदाधिकारियों की शिकायत पर कच्चे चौकी में अज्ञात आरोपी के खिलाफ चोरी का मामला दर्ज करके जांच शुरू कर दिया है। पुलिस का कहना है कि आसपास के सीसीटीवी खंगाले जा रहे है, कोई न कोई सुराग जल्द मिलेगा और चोरों की धरपकड़ की जाएगी।

### बंजारी माता मंदिर में नवरात्रि की तैयारी शुरू



**दुर्गूकोंदल।** आदि शक्ति बंजारी माता मंदिर हाहालदद्दी दुर्गुकोंदल अंतर्गत बसंत नवरात्र 2025 को लेकर मंदिर समिति के द्वारा बैठक का आयोजन किया गया जिसमें मनोकामना ज्योति एवं मंदिर स्थल की साफ सफाई एवं तैयारी, लिपाई पुताई व अन्य को लेकर चर्चा किया गया। घट स्थापना 30 मार्च 2025 पंचमी पूजा 2 अप्रैल, अष्टमी हवन पूजा 5 अप्रैल, पूर्ण आहूति एवं विसर्जन 6 अप्रैल को होगा। बैठक में बंजारी माता समिति के अध्यक्ष हरिश्चंद्र सिंहा, उपाध्यक्ष सावंत साहू, सचिव भूपेंद्र सिंहा, सहसचिव गोवर्धन नरेटी, कोषाध्यक्ष सोहन लाल सिंहा, सह कोषाध्यक्ष सुखचंद प्रजापति, सदस्य अनिल सिंहा, राजेंद्र सिंहा, मोहन सिंहा एवं अन्य मंदिर समिति के सदस्य उपस्थित रहे।

## बीएसएफ ने अंदरुनी इलाके के ग्रामीणों को घरेलू सामग्री बांटी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोयलिबेड़ा



विकासखंड मुख्यालय कोयलीबेड़ा स्थित सामरिक मुख्यालय सीमा सुरक्षा बल 30 वीं वाहिनी के प्रांगण में सिविक एक्शन प्रोग्राम के तहत कोयलीबेड़ा के आसपास गांव के ग्रामीणों को जोड़ने के लिए महिला-पुरुष, स्कूली बच्चों को जरूरत के सामग्रियों को वितरण किया गया। इसके अलावा आयोजित शिविर में ग्रामीणों के स्वास्थ्य की जाँच भी किया गया

बीएसएफ के 30 वीं वाहिनी कमांडेंट राज नारायण मिश्र ने आयोजित सिविक एक्शन प्रोग्राम में उपस्थित ग्रामीणों से संवाद किया और कहा कि आप लोगों की सुरक्षा और सभी सुविधाएं आप लोगों को मिले, यह प्रयास हमारी टीम के द्वारा लंबे समय से किया जा रहा है। आपके गांव तक सड़क, स्वास्थ्य व अन्य सुविधाएं पहुँचे, यह हमार प्रयास है। सरकार आपको यह सुविधाएं देने के लिए आतुर है, आप लोग मदद करेंगे, तभी यह सुविधाएं आपको मिल सकेंगी। आयोजित कार्यक्रम में आसपास गाँव से पहुँचे ग्रामीणों को कमांडेट के द्वारा पोली शीट, दरी, कॉटन कंबल, पानी की टंकी, जूते, स्कूल बैग, लेखन सामग्री, सिलाई मशीन, क्रिकेट किट, बर्तन, रेडियो आदि का वितरण किया गया। आयोजित कार्यक्रम में चीफ मेडिकल ऑफिसर डॉ. अंकुर कुमार एवं मेडिकल स्टाफ के द्वारा स्वास्थ्य शिविर लगाया गया था, कार्यक्रम में पहुँचे सभी ग्रामीणों का स्वास्थ्य परीक्षण कर निःशुल्क दवा का वितरण किया गया। आयोजित कार्यक्रम में सीमा सुरक्षा बल के अधिकारी राजेश कुमार यादव, द्वितीय कमान अधिकारी रमेश कुमार कौशिक, उप कमांडेंट इतराम, बीएसएफ के सभी जवान और आसपास गांव के सैकड़ो ग्रामीण व स्थानीय जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## शिक्षक के सूने मकान से नकदी व जेवर समेत 94 हजार की चोरी, विवेचना जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर




चारामा थानांतर्गत ग्राम भोथा में शिक्षक के सूने घर का ताला तोड़कर अज्ञात चोर घर में रखे सोने चांदी के जेवर व नगद समेत कुल 93 हजार 990 रूपएं की चोरी की घटना को अंजाम दिया। घटना की खबर मिलने के उपरांत पुलिस मामले की जाँच में जुट गई है।

चारामा थाना में शिकायत करने पहुंचे भोथा निवासी विनोद कुमार ध्रुव पिता स्व. प्रेम सिंह ध्रुव ने पुलिस को बताया कि वर्तमान में मैं शिक्षक के पद पर शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला बड़े पिंजोड़ी विकासखंड अंतागढ़ में पदस्थ हूं। मैं अपने घर से 18 मार्च की सुबह साढ़े 7 बजें शिक्षकीय कार्य के लिए बड़ेपिंजोड़ी निकल गया था, वहीं मेरी पत्नी सत्यभामा ध्रुव सुबह पौने 10 बजे घर में ताला लगाकर आंगनबाड़ी केंद्र क्रमांक 02 गई, क्योंकि वह आंगनबाड़ी कार्यकर्ता है।

आंगनबाड़ी से वापिस दोपहर 3 बजे घर आई, तो मुख्य दरवाजा का ताला टूटा मिला और अंदर घुसकर देखी तो आलमारी में रखे सभी प्रकार के जेवर, गहने एवं रूपएं-पैसे गायब था। उसने घटना की जानकारी मुझे दिया और मैं स्कूल से वापिस घर पहुँचा और देखा कि जेवर-गहने व रूपएं-पैसे गायब थे। आस पास के दो चार लोगों को बुलाया और आसपास पतासाजी करने का प्रयास किया, लेकिन किसी भी प्रकार का सुराग नहीं मिला। अज्ञात चोर ने घर में रखे सोने का लाकेट कीमती 30 हजार 250 रूपएं, सोने का आइरिस (सुई धागा) कीमती 22 हजार 950 रूपएं, दो जोड़ी पायल चांदी का 14 हजार 790 रूपएं, दो जोड़ी चांदी का बिछिया 500 रूपएं, एक अंगूठी चांदी का 500 रूपएं व नगद 25 हजार रूपएं कुल 93 हजार 990 रूपएं को कोई अज्ञात चोरी कर ले गया।

प्रार्थी की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 305 (ए), 331 (3) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया है।

## पंचायत सचिवों की हड़ताल जारी, प्रभावित हो रहे कामकाज

# डेढ़ साल बाद भी भाजपा सरकार ने नहीं किया वायदे को पूरा : पंचायत सचिव संघ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भानुप्रतापपुर

- पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा गठित समिति को 30 दिनों में देनी थी रिपोर्ट



पंचायत सचिव संघ एक सूत्रीय माँग शासकीयकरण को लेकर जनपद पंचायत कार्यालय के सामने 18 मार्च से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर बैठ गए है, उनका कहना है कि भाजपा ने चुनावी घोषणापत्र में वादा किया था, परंतु सरकार को बने डेढ़ साल हो गए, परंतु वादे को पूरा नहीं कर रही है। सचिव संघ के हड़ताल में चले जाने से पंचायत के कामकाज पूर्णतः बंद हो गए है। हड़ताल पर बैठे सचिव संघ के पदाधिकारियों का कहना है कि भाजपा ने विधानसभा चुनाव वर्ष 2023-24 में मोदी की गारंटी में पंचायत सचिवों को शासकीयकरण करने का वादा किया है। बीते 7 जुलाई 2024 को इंडोर स्टेडियम रायपुर सभागार में मुख्यमंत्री, विधानसभा अध्यक्ष, उपमुख्यमंत्री, मंत्री महिला बाल विकास विभाग तथा घोषणा पत्र के संयोजक सांसद दुर्ग की उपस्थिति के बीच सभी के द्वारा पंचायत सचिवों के शासकीयकरण की अति आवश्यक मानते हुए जल्द पूरा करने का भरोसा दिया था। मुख्यमंत्री के घोषणा अनुरूप 18 जुलाई 2024 को पंचायत एंव ग्रामीण विकास विभाग द्वारा समिति गठन कर 30 दिन के अंदर रिपोर्ट प्रस्तुत करने का उल्लेख किया गया था। आदेश के परिपालन में कमेटी द्वारा पंचायत सचिवों के शासकीयकरण के संबंध में प्रतिवेदन प्रस्तुत कर दिया है, जिस पर पंचायत सचिवों को पूर्ण आशा एवं विश्वास था कि रिपोर्ट अनुसार बजट सत्र में शासकीयकरण का सौगात मिलेगा, लेकिन मांगों को दरकिनार किया।

प्रदेश संघ के आव्हान पर 18 मार्च से ब्लाक मुख्यालय में अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू किया है और 1 अप्रैल को मंत्रालय घेराव करने का निर्णय लिया गया है। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष शम्भू साहू, प्रदेश मीडिया प्रभारी रामकरण सिन्हा, ब्लाक मीडिया प्रभारी अनिल पटेल, पंचायत सचिव दुकालू गोटा, झाड़ूराम गोटा, कृष्णा कावड़े, रामकरण सिन्हा, पूनम दर्रो, निधि राजपूत ,रघुवर साहू, केशाराम कोरेटी, अनिल पटेल, बरन सिंह ऑचला, बरसन सलाम, तुलसी यदु, शेष पेज 12 पर

## खबर संक्षेप

### बिजली समस्याओं के समाधान के लिए संपर्क केंद्र में करें शिकायत

**कोण्डागांव।** जिले के विभिन्न क्षेत्रें में बिजली संबंधी किसी भी समस्या के समाधान के लिए कलेक्टोरेट कार्यालय में स्थापित संपर्क केंद्र में शिकायत कर सकते हैं। नागरिक दूरभाष नंबर पर सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक फोन कर अपनी शिकायत दर्ज करा सकते हैं। साथ वॉटसएप्प पर भी मैसेज कर सकते है। इस हेल्पलाइन के माध्यम से लो–वोल्टेज, ट्रांसफार्मर खराबी, पावर कट एवं अन्य विद्युत संबंधी समस्याओं की सूचना दी जा सकती है। कलेक्टर कुणाल दुदावत के निर्देशानुसार प्राप्त शिकायतों के त्वरित समाधान के लिए बिजली विभाग के अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए हैं।

### आहरण एवं संवितरण अधिकारी 24 तक जमा करें चेकबुक

**कोण्डागांव।** छत्तीसगढ़ शासन वित्त विभाग द्वारा समस्त आहरण एवं संवितरण अधिकारियों को चेक बुक कोषालय में जमा करने की अंतिम तिथि 24 मार्च को अपरान्ह 5.30 बजे का समय निर्धारित की गई है। जिला कोषालय अधिकारी द्वारा समस्त आहरण एवं संवितरण अधिकारियों को निर्धारित समयावधि में कोषालय में चेक बुक जमा कराना सुनिश्चित करने को कहा गया है। उन्होंने जानकारी दी है कि अत्यावश्यक परिस्थितियों में 26 मार्च से 28 मार्च 2025 तक कोषालय अधिकारी, संचालक बजट से उनके ई–मेल आईडी के माध्यम से स्वीकृति प्राप्त कर संबंधित आहरण एवं संवितरण अधिकारी के हस्ताक्षर एवं कोषालय अधिकारी द्वारा प्रतिहस्ताक्षर किये जाएंगे। साथ ही वित्तीय वर्ष के लेन–देन की समाप्ति के पश्चात आहरण एवं संवितरण अधिकारी की प्राप्ति अभिस्वीकृति लेकर चेकबुक वापस की जा सकेगी।

### पीपीटी प्रवेश परीक्षा 2025 के लिए आवेदन प्रक्रिया प्रारंभ

**कोण्डागांव।** तकनीकी शिक्षा निदेशालय, छत्तीसगढ़ द्वारा आयोजित पी– पॉलीटेक्निक रेस्ट 2025 के लिए ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया प्रारंभ हो गई है। इस प्रवेश परीक्षा के माध्यम से शासकीय पॉलीटेक्निक, कोंडागांव एवं प्रदेश के विभिन्न पॉलीटेक्निक संस्थानों में प्रवेश मिलेगा। ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि 11 अप्रैल शाम 5 बजे तक है। त्रुटि सुधार के लिए अवधि 12 अप्रैल से 14 अप्रैल, संभावित परीक्षा तिथि 17 मई और प्रवेश पत्र जारी करने की तिथि 22 अप्रैल 2025 मंगलवार निर्धारित है।

## पेज 11 के शेष

### फोर्स की बिनागुंडा...

तब पता चला, जब फोर्स लगातार सर्चिंग करते हुए नक्सलियों के ठिकाने की ओर बढ़ रही थी। नक्सलियों का जहाँ ठिकाना था, उसके पास चार नक्सलियों के शव मिले। पुलिस ने सुरक्षा का ध्यान रखते हुए चारों तरफ से नक्सलियों के ठिकानों को घेरकर सर्चिंग किया। कंपनी नंबर 05 के बड़े लीडर व अन्य हार्डकोर नक्सली जंगल का फायदा उठाकर भाग जाने में कामयाब रहे।

### अग्निवीर भर्ती...

क्लर्क, ट्रेड्समैन आठवीं, दसवीं पास, महिला सैन्य पुलिस और रेगुलर कैडर भर्ती धर्मगुरू नर्सिंग सहयोगी और सिपाही फार्मा के पदों के लिए जारी किया गया है। अभ्यर्थी इस बार अग्निवीर के दो पदों के लिए अपनी योग्यता अनुसार आवेदन कर सकते हैं। अग्निवीर क्लर्क के अभ्यर्थियों को ऑनलाइन परीक्षा (सीईई) के समय टायपिंग टेस्ट भी देना होगा तथा परीक्षा आगामी जून में होने की संभावना है।

### डेढ़ साल बाद...

धनाजी ठाकुर, गीताराम निषाद, रत्तीराम कावड़े ,बज्जू राम पोटाई, बसंती नेताम, रामसेवक तेता, दीनानाथ वट्टी, आसमनी ध्रुव, कौशिल्या शोरी, हीरामन कोरेटी, संजय मरकाम, बलदेव हिड़ामी, फूलसिंह विश्वकर्मा, पवन कोर्राम, रूबी चौधरी, बलिराम पोया, सामबती मरकाम,संतोषी मंडावी, सुनीता सेवता, हीरामन कोठारी, जागेश्वर दर्रो, महेश कोड़ोपी, डीगेंद्र साहू आदि उपस्थित रहे।

# गुजरात वड़ोदरा के पारुल यूनिवर्सिटी की छात्राओं ने देखा और जाना ढोकरा आर्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फरसगांव

ढोकरा आर्ट से कोण्डागॉव जिले की एक पहचान बनी हुई है। इसी ढोकरा आर्ट के कारण जिले को शिल्प नगरी का दर्जा मिला है। इस कला से बनी मूर्तियां पूरे विश्व मे लोग पसंद कर अपने घरों में स्थान रहे हैं।

इसी प्रसिद्धि को देखते हुए गुजरात के वड़ोदरा पारुल यूनिवर्सिटी की छात्राएं ढोकरा आर्ट को देखने और सीखने के लिए जिले के ग्राम बरकई पहुंची। जिन्हें ग्राम बरकई के ढोकरा आर्ट के शिल्पी बन्नू राम बैध ने चार दिनों तक इस कला के बारे विस्तारपूर्वक बताया। ढोकरा आर्ट किस चीज से बनाया है, कैसे बनता है और कैसे बनाया जाता है इसके बारे में बताया भी और सिखाया भी। छात्राओं ने ढोकरा आर्ट के बारे में बारीकी से जाना और सीखा । छात्राओं ने बताया कि उन्होंने ढोकरा आर्ट से बनी मूर्तियों को प्रदर्शनी और दुकानों ने देखा था।

**बस्तर पूरी तरह से है सुरक्षित, यहां के लोग हैं भोले: गौरी-** ढोकरा आर्ट को जानने के लिए वड़ोदरा गुजरात के पारुल यूनिवर्सिटी की आई छात्रा गौरी सोनी ने कहा की हमनें बस्तर का नाम सुना था तो हमे थोड़ा डर लगा, क्योंकि बस्तर को नक्सलवाद का गढ़ था।

यहाँ आने के बाद पता चला कि बस्तर में सब सुरक्षित है यहां के लोग बहुत भोले और शांत स्वभाव के हैं। चार दिनों में हमें जो मिला वो बहुत नया था, अच्छा लगा।

## बरकई के ढोकरा आर्ट के शिल्पी बन्नू राम बैध ने चार दिनों तक कला के बारे में बताया

### छत्तीसगढ़ की ही हूं पर नहीं देखा था ढोकरा आर्टः आस्था

छत्तीसगढ़ बिलासपुर निवासी आस्था चौहान गुजरत के पारुल यूनिवर्सिटी वड़ोदरा में पढ़ाई कर रही हैं। उन्होंने बताया की वह ढोकरा आर्ट के बारे में सुना था, लेकिन देखा नहीं था। बिलासपुर से कोण्डागांव लगभग 300 किमी दूर है फिर भी कभी देखने का मौका नही मिला था, ढोकरा आर्ट को जानने के लिए वह अपने टीम के इसे प्रोजेक्ट के लिए चुना। और टीम के साथ बरकई पहुंची और इस कला के बारे में बारीकी से जाना। बस्तर की जुड़ी शिल्प कला को जानने के लिए सभी को एक बार बस्तर जरूर आना चाहिए।



### शिल्पकार बन्नू राम हांगकांग में लगा चुके हैं प्रदर्शनी

ढोकरा आर्ट के शिल्पी बन्नूराम बैध ने बताया की पहले बस्तर के देवी-देवताओं की मूर्तियां बनाई जाती थीं। मूर्ति बनाने वाले बुजुर्ग शिल्पकारों के नाम से ढोकरा आर्ट जाना जाता है। बैध बच्चन में ही इस कला अब जुड़े और अब तक कार्य करते आ रहे हैं। उन्होंने बताया कि भारत के आधे से ज्यादा राज्यो के प्रदर्शनियों में भाग ले चुके हैं। भारत के अलावा हांगकांग में भी प्रदर्शनी लगा चुके हैं। उन्हें 2006 में हस्त शिल्प पुरस्कार छत्तीसगढ़ शासन द्वारा और 2018 में राष्ट्रीय श्रेष्ठत पुरस्कार ढोकरा आर्ट के लिए मिल चुका है।

## समापन: बस्तर पंडुम के तीसरे दिन बिखरी जनजातीय व्यंजनों की छटा

# जनजातीय नाट्य और शिल्पकला में दिखी बस्तर की समृद्ध लोकसंस्कृति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

- चापड़ा चटनी और मड़िया पेज के अनूठे स्वाद ने लोगों को लुभाया

बस्तर की जनजातीय संस्कृति के विभिन्न कलाओं के प्रदर्शन के साथ तीन दिवसीय विकासखण्ड स्तरीय बस्तर पण्डुम का आज भव्य समापन हुआ। कोण्डागांव के स्थानीय ऑडीटोरियम में आयोजित बस्तर पण्डुम के तीसरे और अंतिम दिन जनजातीय नाट्य, शिल्प कला एवं चित्रकला के प्रदर्शन और जनजातीय पेय पदार्थों एवं व्यंजनों की प्रदर्शनी लगाई गई। कार्यक्रम में समाज प्रमुखजनों एवं प्रबुद्धजनों ने निर्णायक के रूप में अपनी भूमिका निभाई। बस्तर की समृद्ध जनजातीय संस्कृति में खान–पान का विशेष स्थान है। यहां के पारंपरिक व्यंजन और पेय पदार्थ न केवल स्वादिष्ट होते हैं, बल्कि पोषण से भरपूर और स्वास्थ्यवर्धक भी माने जाते हैं। छत्तीसगढ़ के बस्तर क्षेत्र के व्यंजन पूरे देश में अपनी विशेषता के लिए प्रसिद्ध है। बस्तर पंडुम के




तीसरे दिन आदिवासी युवक–युवतियों ने बस्तर के पारंपरिक व्यंजनों का प्रदर्शन किया। इनमें चापड़ा चटनी और मड़िया पेज जैसे व्यंजनों ने लोगों का ध्यान आकर्षित किया। प्रतिभागियों ने इन सभी व्यंजनों के बनाने की प्रक्रिया और इसके लाभ के बारे में जानकारी दी गई। चापड़ा चटनी के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि इसे लाल चींटियों से बनाया जाता है, जो अपनी अनोखी स्वाद और औषधीय गुणों के लिए जानी जाती है। यह पोषक तत्वों से भरपूर होती है, जो शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाने में सहायक मानी जाती है। वहीं मड़िया पेज, जो रागी मड़िया से तैयार किया जाता है, गर्मी के मौसम में ठंडक पहुंचाने वाला पेय है और ऊर्जा का बेहतरीन स्रोत माना जाता है। इसके अलावा कुमड़ा बड़ी, बोहाढ़ भाजी, जीरा भाजी, हरवा, उड़द, पिता कांदा, कोलयारी भाजी, जिमी कांदा, डांग कांदा सल्फी एवं अन्य व्यंजनों के बारे में प्रदर्शनी किया गया। बस्तर के व्यंजन यहां की पारंपरिक जीवनशैली और प्रकृति से जुड़ा हुआ है। यहां के खान–पान न केवल स्थानीय लोगों के लिए, बल्कि पूरे देश के लिए एक धरोहर है, जिसे सहेजने की पहल छत्तीसगढ़ शासन द्वारा बस्तर पंडुम के आयोजन के माध्यम से किया जा रहा है।

### कलाकारों ने पारंपरिक कलाओं को किया जीवंत



बस्तर की अद्वितीय शिल्पकला में जनजातीय संस्कृति की गहरी छाप दिखाई देती है। इसे प्रदर्शित करते हुए आयोजन के जनजातीय शिल्प एवं चित्रकला वर्ग में प्रतिभागी कलाकारों ने बेलमेटल, भित्ती चित्रकला, मिट्टी कला, पत्थर शिल्प और अन्य पारंपरिक कलाओं के माध्यम से बस्तर की समृद्ध लोक संस्कृति को जीवंत रूप में प्रस्तुत किया। ये शिल्पकला न केवल बस्तर क्षेत्र की पारंपरिक विरासत के साथ सांस्कृतिक पहचान भी है। इसके अलावा लोक कलाकारों के समूह द्वारा सामाजिक संदेश के साथ जनजातीय नाट्य की प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम में स्थानीय जनप्रतिनिधियों सहित समाज प्रमुख, प्रबुद्धजनों सहित बड़ी संख्या में दर्शक उपस्थित होकर लोक कलाकारों का उत्साहवर्धन किया।

# जोंदरापदर स्कूल में सुनीता विलियम्स की वापसी पर बच्चों ने मनाया जश्न




हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

- बच्चों में विज्ञान शिक्षा के प्रति अभिरुचि बढ़ाने आयोजन

प्राथमिक शाला जोन्दरा पदर में भारतीय मूल की अंतरिक्ष यात्री सुनीता विलियम्स और बुश विलमोर की की 268 दिनों के बाद स्पेस एक्स के ड्रेगन केप्सूल के जरिये फ्लोरिडा के समुद्र तट पर सुरक्षित वापसी पर बच्चों के लिए विज्ञान के बढ़ते कदम कार्यक्रम आयोजित कर खुशियों का इजहार किया। प्रधान पाठक मधु तिवारी ने बच्चों में विज्ञान व तकनीकी, अंतरिक्ष, खगोल विज्ञान के प्रति बच्चों की रूचि बढ़ाने एवं उन्हें अंतरिक्ष विज्ञान की जानकारी दी। साथ ही सुनीता विलियम्स के अदम्य साहस और उपलब्धि से बच्चों को परिचित कराया। वायुमंडल गुरुत्वाकर्षण के नियम से भी बच्चों को परिचित कराया गया। भारतीय मूल की सुनीता विलियम्स का जन्म भारत मे हुआ उन्हें भारत सरकार द्वारा उनकी असाधारण उपलब्धि के लिए 2008 में पद्म भूषण से सम्मानित किया। सुनीत विलयमस की अंतरिक्ष विज्ञान की उपलब्धि सभी महिलाओं, बच्चों के लिए प्रेरणा स्रोत है।

# नहाने के दौरान 10 वीं का छात्र इन्द्रावती नदी में डूबा

**जगदलपुर।** गुरूवार सुबह इन्द्रावती नदी के महादेवघाट में नहाने के दौरान 10 वीं कक्षा का छात्र पानी में डूब गया। मौके पर मौजूद दोस्तों व अन्य लोगों ने उसे बचाने का प्रयास किया लेकिन तब तक वह नदी की गहराई में गुम हो चुका था। इसकी सूचना तत्काल पुलिस व एसडीआरएफ को दी गई। जिसके बाद मौके पर पहुंचे सेनानी संतोष मार्बल एसडीआरएफ टीम के जवानों के साथ तलाशी अभियान शुरू किया लेकिन देर शाम ताक छात्र का पता नहीं चल सका हैं। एसडीआरएफ की टीम अब सुबह पुनः तलाशी अभियान शुरू करेगी। जानकारी के मुताबिक डोकरीघाट पारा निवासी कार्तिक सोनी 15 वर्षअपने दोस्त अभि के साथ महादेवघाट में नहाने गया था इसी दौरान वह नदी के गहराई का अंदाजा नहीं होने से डूबने लगा। मौके पर मौजूद उसका दोस्त अभि व अन्य लोगों ने उसे बचाने का प्रयास भी किया। घटना की जानकारी लगते ही दर्जनों की संख्या में महिला व पुरूष मौके पर पहुंच गए। इसकी सूचना कोतवाली पुलिस को दी गई



जिसके बाद मौके पर पहुंची एसडीआरएफ की टीम मोटरबोट व लाईफ जैकेट के साथ पानी में घटों तलाश करते रहे लेकिन शाम तक उसका पता नहीं चल पाया है। बताया जा रहा है कि महादेव घाट में दोपहर को दो नाबालिग नदी में नहाने गए। इस दौरान एक छात्र अचानक डूब गया। दोनो नाबालिग तैरना नहीं जानते थे इसी दौरान उसके साथी अभि ने उसे बचाने का प्रयास किया लेकिन वह खुद ही डूबने लगा और अपने साथी को बचाने में कामयाब नहीं हो सका। आसपास के लोगों से इसकी जानकारी मिलने के बाद एसडीआरएफ की टीम को बुलाया गया है। मौके पर मौजूद सेनाना संतोष मार्बल ने बताया कि हमारी टीम अभी डूबने वाले स्थल के आसपास तलाशी अभियान चला रहे है इसके बाद तलाशी का दायरा बढ़ाया जाएगा।

# भाटगांव की टीम बनी विजेता, देवगांव उपविजेता



**धनोरा।** थाना धनोरा द्वारा सामुदायिक पुलिसिंग के तहत आयोजित दो दिवसीय ग्रामीण अंबेडकर कबड्डी प्रतियोगिता का भव्य समापन हुआ। प्रतियोगिता में भाटगांव की टीम ने दमदार प्रदर्शन करते हुए विजय हासिल की। पुलिस अधीक्षक कोण्डागांव अभय कुमार, अति. पुलिस अधीक्षक कोशलेंद्र देव पटेल और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में इस प्रतियोगिता का आयोजन 18 और 19 मार्च को किया गया। इसमें जिले के विभिन्न गाँवों चंदनबेड़ा, रेकावंड, उसरी, बड़ेकावेल, कोंगेरा, सिवनी, बटराली, और भाट गांव सहित कई अन्य स्थानों से टीमें शामिल हुईं। फाइनल मुकाबले में भाटगांव की टीम ने देवगांव की टीम को 14 अंकों के अंतर से हराकर खिताब अपने नाम किया। विजेता टीम को पुलिस अधिकारियों द्वारा ट्रॉफी और 5000 रुपए नकद पुरस्कार प्रदान किया गया, जबकि उपविजेता टीम को 3000 रुपए और ट्रॉफी से सम्मानित किया गया।

**बड़ी संख्या में ग्रामीण दर्शक रहे उपस्थित** – इस अवसर पर पुलिस अधिकारियों ने ग्रामीण युवाओं को खेलों में भाग लेने और सामुदायिक गतिविधियों में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने यह भी कहा कि इस तरह के आयोजन पुलिस और जनता के बीच मित्रता और विश्वास को मजबूत करने का कार्य करते हैं। इस प्रतियोगिता में बड़ी संख्या में ग्रामीण दर्शक उपस्थित रहे। जिन्होंने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। पुलिस विभाग के इस प्रयास की सराहना की। आयोजकों ने भविष्य में भी इसी तरह के आयोजन करने का आश्वासन दिया ताकि युवाओं को खेलों से जोड़कर सकारात्मक दिशा दी जा सके।

# उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम मूल्यांकन परीक्षा होगी 23 मार्च को

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

- प्राथमिक एवं माध्यमिक विद्यालयों के बने 362 केन्द्र
- 7600 परीक्षार्थी परीक्षा में होंगे सम्मिलित

उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम अंतर्गत भारत सरकार के शिक्षा मंत्रलय स्कूल शिक्षा एवं साक्षरता विभाग तथा राष्ट्रीय मुक्त विद्यालयी शिक्षा संस्थान नई दिल्ली की संयुक्त तत्वावधान में राष्ट्रव्यापी बुनियादी साक्षरता एवं संख्यात्मक ज्ञान मूल्यांकन परीक्षा का आयोजन 23 मार्च को आयोजित की जाएगी। कलेक्टर कुणाल दुदावत के मार्गदर्शन में परीक्षा की तैयारी पूर्ण कर ली गई है। यह परीक्षा सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक संचालित होगा। शिक्षार्थी सुविधानुसार उक्त समय के भीतर आंकलन परीक्षा में सम्मिलित हो सकेगा।

जिला परियोजना अधिकारी समग्र शिक्षा ने बताया कि उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के अन्तर्गत जिले में परीक्षार्थियों के सुविधा अनुसार नजदीक के प्राथमिक एवं माध्यमिक विद्यालयों के 362 केन्द्र बनाये गये हैं, जिसमें 7600 परीक्षार्थी इस परीक्षा में सम्मिलित होंगे। उल्लेखनीय है कि उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम अंतर्गत 15 वर्ष से अधिक ऐसे शिक्षार्थियों को सम्मिलित किया गया है जो शिक्षा की मुख्य धारा में सम्मिलित नहीं है। उक्त शिक्षार्थियों को स्वयंसेवकों द्वारा उल्लास प्रवेशिका के सात अध्याय का अध्यापन कार्य 200 घण्टों में पूर्ण कराया जाता है।

**पर्यवेक्षक व मूल्यांकनकर्ता नियुक्त-** शिक्षार्थियों को प्रश्न पत्र हल करने के लिए 3 घण्टे का समय दिया जाएगा। प्रश्न पत्र के 3 भाग हैं। पहला भाग पढ़ना, दूसरा लिखना, तीसरा गणित प्रत्येक भाग 50 अंकों का होगा। प्रत्येक भाग में न्यूनतम 20 अंक प्राप्त करने वाले सफल माने जाएंगे। सफल परीक्षार्थियों को राष्ट्रीय मुक्त विद्यालय के द्वारा प्रमाण पत्र प्रदाय किया जाएगा। परीक्षा के सफल संचालन हेतु विकासखण्ड एवं जिले स्तर पर कन्ट्रोल रूम की स्थापना की गई है। परीक्षा तिथि को परीक्षा केन्द्रों के मॉनीटरिंग हेतु जिला एवं विकासखण्ड स्तर पर अधिकारियों एवं कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। सभी परीक्षा केन्द्रों के लिए केन्द्राध्यक्ष सह पर्यवेक्षक सह मूल्यांकनकर्ता नियुक्त कर लिया गया है। परीक्षा पूर्व प्रचार–प्रसार के लिए वातावरण निर्माण की कार्रवाई जैसे नारा लेखन, मुनादी की जा रही है। परीक्षा केन्द्र में शिक्षार्थियों के लिए पेयजल, बैठक एवं अन्य समुचित व्यवस्था के लिए स्थानीय स्तर पर किये जाने के लिए विकासखण्ड शिक्षा अधिकारियों को निर्देश दिये गये हैं।

## बेचा और कड़ेनार में ग्रामीणों से चर्चा कर समस्याओं से हुए रूबरू

# कलेक्टर और एसपी बाइक में सवार होकर पहुंचे ग्राम बेचा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

कलेक्टर कुणाल दुदावत ने जिले के अंतिम छोर में मर्दापाल तहसील अंतर्गत अतिसंवेदनशील गांवों का दौरा किया और विकास कार्यों का जायजा लिया। इस दौरान पुलिस अधीक्षक वाय अक्षय कुमार भी उनके साथ थे। कलेक्टर श्री दुदावत ने खुद बाइक चलाते हुए हड़ेली से लगभग 18 किलोमीटर दूर बेचा गांव में पहुंचे। कलेक्टर ने वहां प्राथमिक शाला परिसर में आम पेड़ के नीचे ग्रामीणों और बच्चों से मिलकर बातचीत की और उनकी समस्याओं से रुबरु हुए।

कलेक्टर श्री दुदावत शासकीय प्राथमिक शाला बेचा में शिक्षक से बच्चों की पढ़ाई मध्यान्ह भोजन और न्यौता भोज के बारे में जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने ग्रामीणों से चर्चा करते हुए गांव में पेयजल, बिजली, राशन सहित मूलभूत सुविधाओं की जानकारी ली। उन्होंने पीएचई के अधिकारियों को हर घर शुद्ध पेयजल पहुंचाने के लिए किये जा रहे कार्य को जल्द से जल्द पूर्ण कराने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने ग्रामीणों को बताया कि आने वाले तीन माह के भीतर प्राथमिक शाला भवन बनकर तैयार हो जाएगा, जिसके बाद बच्चे पक्के भवन में पढ़ाई करेंगे। साथ ही शीघ्र ही उप स्वास्थ्य केन्द्र भवन और देवगुड़ी निर्माण सहित आंगनबाड़ी भवन निर्माण शीघ्र सुनिश्चित करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। इसके साथ ही प्राथमिक शाला में विद्युत कनेक्शन प्रदाय करने के निर्देश विद्युत विभाग के अधिकारियों को दिए।



**इमली की छांव में चौपाल लगाकर सुनी समस्याएं** – कलेक्टर कुणाल दुदावत ने मर्दापाल क्षेत्र के दूरस्थ ग्राम कड़ेनार में इमली पेड़ के छांव में चौपाल लगाकर ग्रामीणों की समस्याएं सुनी। उन्होंने सरपंच और नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधियों से आग्रह किया कि वे किसी खास अवसरों पर या तिथियों पर किसी एक स्कूल में बच्चों के लिए न्यौता भोज कराएं। इस दौरान कलेक्टर के समक्ष ग्रामीणों ने आंगनबाड़ी, पेयजल, बिजली सहित विभिन्न मांगों को लेकर आवेदन प्रस्तुत किए। कलेक्टर ने ग्रामीणों की समस्याओं का निराकरण जल्द से जल्द करने की बात कही। साथ ही उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य केन्द्र और स्कूल भवन के लिए बाउंड्रीवाल का निर्माण भी किया जाएगा। कलेक्टर ने ग्रामीणों से कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत स्वीकृत कार्यों को शीघ्र पूरा करते हुए अपने पक्के घरों में निवास करें। उन्होंने गांव के जनप्रतिनिधियों से भी आग्रह किया कि वे हितग्राहियों को आवास निर्माण के कार्य को जल्द पूर्ण करने के लिए आवश्यक सहयोग करें। इस अवसर पर जिला प्रशासन की ओर से गांव के स्कूली बच्चों और युवाओं को क्रिकेट, व्हॉलीबाल, बैडमिंटन खेल के लिए सामग्रियों का वितरण किया गया, जिसे पाकर बच्चे काफी उत्साहित हुए।

**हड़ेली से बेचा सड़क निर्माण कार्य को शीघ्र पूर्ण करने दिए निर्देश** – कलेक्टर श्री दुदावत ने ग्राम हड़ेली से ग्राम बेचा के बीच अतिसंवेदनशील क्षेत्र में बाइक से सफर करते हुए निर्माणाधीन सड़क की प्रगति का जायजा लिया और लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों और संबंधित ठेकेदार को निर्माण कार्य में तेजी लाते हुए कार्य को गुणवत्ता के साथ अप्रैल माह तक पूर्ण करने के सख्त निर्देश दिए। इसके साथ ही उन्होंने ग्राम हड़ेली से कुधूर मार्ग में बन रही पुलियों का भी निरीक्षण कर कार्य में प्रगति लाने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। कलेक्टर ने ग्राम राणापाल में जल जीवन मिशन के तहत ग्रामीणों के घर पहुंच कर हर घर शुद्ध पेयजल की उपलब्धता का भी अवलोकन किया और ग्रामीणों से बातचीत करते हुए योजना के क्रियान्वयन के संबंध में प्रतिक्रिया ली। ग्रामीणों ने इस सुदूर अंचल में जल जीवन मिशन के तहत घर में ही पानी पहुंचाए जाने पर प्रसन्नता व्यक्त की।

# राज्य पिछड़ा वर्ग कल्याण आयोग के सदस्य आएंगे कल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव



- तीन दिन बस्तर दौरे पर रहेंगे

छत्तीसगढ राज्य पिछड़ा वर्ग कल्याण आयोग के सदस्य बल्दाऊ राम साहू 22 मार्च से 24 मार्च तक बस्तर संभाग के दौरे पर रहेंगे। इस यात्रा की जानकारी राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के पूर्व सदस्य दिलीप दीवान ने प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से दी। श्री साहू 22 मार्च को दोपहर 1 बजे कोंडागांव के सर्किट हाउस पहुंचेंगे। वहां वे समाज के जनप्रतिनिधियों और समाज प्रमुखों से मुलाकात करेंगे। इस मुलाकात के दौरान वे पिछड़े वर्ग के लोगों की समस्याओं और मांगों पर चर्चा करेंगे। 23 मार्च को श्री साहू जगदलपुर के लिए रवाना होंगे। जगदलपुर में वे विभिन्न सामाजिक संगठनों और पिछड़ा वर्ग समुदायों के प्रतिनिधियों से मिलेंगे। वे पिछड़े वर्ग के लोगों के कल्याण के लिए राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं की प्रगति की समीक्षा करेंगे और लोगों से फीडबैक लेंगे। 24 मार्च को श्री साहू नारायणपुर जिले का दौरा करेंगे। वे नारायणपुर में पिछडा वर्ग के लोगों की समस्याओं और मांगों को जानने के लिए स्थानीय अधिकारियों और समुदायों के साथ बैठक करेंगे।

## खबर संक्षेप

### इंस्पायर अवार्ड के लिए 4 विद्यार्थियों का चयन



**सुकमा।** जिला मुख्यालय स्थित स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल पावारास, सुकमा के 4 विद्यार्थियों का चयन मानक इंस्पायर अवार्ड के लिए हुआ है। प्रिंसिपल टीडी दास ने बताया कि कक्षा 8वीं से तेजस राठी के द्वारा ब्लैकबोर्ड क्लीनिंग डिवाईस व कु. काव्या चौरसिया के द्वारा सेप्टी अम्ब्रैला डिवाईस और कक्षा 10वीं से कु. निधि सिंह के द्वारा डस्ट क्लीनर विथ हिडन गैजेट व कु. नैंसी नाग के द्वारा सोलर पावर ग्लब्स आईडिया का चयन हुआ है। संस्था के मेधावी छात्रों के आईडिया को साकार होने के उपलक्ष्य में 10 हजार की प्रोत्साहन राशि भी दिया गया है। इंस्पायर अवार्ड के चयनित छात्र छात्राओं का मार्गदर्शन विज्ञान शिक्षिका शारदा तिवारी के द्वारा किया गया था। प्राचार्य एवं समस्त स्टाफ ने पूरी टीम को बधाई व शुभकामनाएं दी।

### खड़े ट्रक से टकराई बाइक, प्यून की मौत

**धमतरी।** रात्रि में नेशनल हाईवे से गुजर रही बाइक सड़क किनारे खड़े ट्रक के पीछे टकरा गई। इस घटना में बाइक चालक प्यून की मौत हो गई। अस्पताल पुलिस के अनुसार



जतिन नेताम पिता शैलेंद्र उम्र 31 वर्ष ग्राम कन्हारपुरी थाना कांकेर निवासी शिक्षा विभाग में प्यून के पद पर ग्राम दुर्गकोन्दल में पदस्थ था। युवक मंगलवार की रात्रि मोटरसायकल क्र. सीजी 17 एडी 4307 में सवार होकर चारामा से नेशनल हाईवे होते हुए रूद्री धमतरी जाने के लिए निकला था। इसी दौरान पुरूर के समीप सोनी ढाबा के पास एक ट्रक खड़ा था तभी तेज रफ्तार बाइक ट्रक के पीछे टकरा गई। घटना में बाइक चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। वहीं बाइक भी क्षतिग्रस्त हो गई। घायल को उपचार के लिए तत्काल जिला अस्पताल लाया गया। डाक्टर ने चेकअप के बाद युवक को मृत घोषित कर दिया।

### बस्तर पण्डुम का ब्लॉक स्तरीय प्रतियोगिता सम्पन्न

# सात विधाओं में छात्र-छात्राओं ने खेल और संगीत में दिखाई अपनी प्रतिभा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बीजापुर

बस्तर पण्डुम का ब्लॉक स्तरीय आयोजन जिले के चारों विकासखंड में 17 से 19 मार्च तक आयोजित हुआ। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के पहल पर स्थानीय जनजातियों, सांस्कृतिक परंपराओं, खान-पान, रिति-रिवाज, वेश-भूषा, नृत्य, गीत संगीत को संर्वधित

■ 21 एवं 22 मार्च को होगा जिला स्तरीय आयोजन

एवं संरक्षित रखने तथा स्थानीय कलाकारों के प्रतिभाओं में निखार लाने हेतु बस्तर पण्डुम का आयोजन किया गया।

जिसमें प्रथम चरण का आयोजन ब्लॉक स्तर पर किया गया। उक्त आयोजन में ग्रामीण आदिवासियों ने बढ़चकर पूरे उत्साह से भाग लिया और अपने बोली-भाषा, रहन-सहन, सांस्कृतिक परंपराओं का बेहतर प्रदर्शन किया। बीजापुर एवं उसूर ब्लॉक में आज कार्यक्रम का समापन हुआ। समापन के दौरान प्रत्येक विद्याओं के विजेता दलों को





10 हजार रुपए की प्रोत्साहन राशि प्रदान किया गया। बीजापुर ब्लॉक के विजेता प्रतिभागियों में जनजातिय नृत्य में प्रथम स्थान मोरमेड मांदरी बाजा, जनजाजीय नाट्य में प्रथम स्थान संतषपुर कोडराज जात्रा, वाद्ययंत्र में प्रथम स्थान पापनपाल सींगबाजा, पेय पदार्थ एवं व्यंजन में प्रथम स्थान निर्मला साहनी एवं टीम ईटपाल, जनजातीय आभूषण एवं वेशभूषा रामचरण एवं अंजली ईटपाल, जनजातीय शिल्प एवं चित्रकला डूमा कुडियम एवं जनजातीय गीत में ग्राम पंचायत कोडेपाल को प्रथम स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर नगरपालिका अध्यक्ष गीता सोम पुजारी, उपाध्यक्ष भुवन सिंह चौहान एवं पार्षदगण, एसडीएम बीजापुर जागेश्वर कौशल एवं सीईओ जनपद पंचायत हिमांशु साहू सहित जनप्रतिनिधि, अधिकारी-कर्मचारी एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

ब्लॉक स्तर से चयनित टीम जिला स्तर पर शामिल होंगे। जिला स्तर पर चयनित होने के उपरांत संभाग स्तर पर सात विद्याओं में अपना प्रदर्शन करेंगे। जिसमें जनजातीय नृत्य के अंतर्गत गेड़ी, गौर-माड़ियां, ककसार, मांदरी, दण्डामी, एबालतोर, दोरला, पेंडुल, हुलकीपाटा, परब, घोटुलपाटा, कोलांगपाटा, डंडारी, देवकोलांग, पूसकोलांग (रिति रिवाज, तीज त्यौहार, विवाह पद्धति एवं नामकरण संस्कार आदि जीतने कोकरेंग आखेट नृत्य, जनजातीय गीत के अंतर्गत घोटुलपाटा, लिंगोपेन, चैतपरब, रिलो, लेजा, कोटनी, गोपल्ला, जगारगीत, धनकुल, मरमपाटा, हुलकीपाटा रिति रिवाज, तीज त्यौहार, विवाह पद्धति एंव नामकरण संस्कार आदि, जनजातीय नाट्य के अंतर्गत माओपाटा, भतरा, जनजातीय वाद्ययंत्रों का प्रदर्शन- धनकुल, ढोल, चिटकुल, अकुम, बावासी, तिरडुड्डी, झाब, मांदर, मृदंग, बिरिया ढोल, सारंगी, गुदुम, मोहरी, सुलुड, मुंडाबाजा, चिकारा, जनजातीय वेशभूषा एवं आभुषण का प्रदर्शन- लुरकी, करधन, सुतिया, पैरी, बाहुंटा, बिछिया, ऐंठी, बन्धा, फुली, धमेल, नांगमोरी, खोंचनी, मुंदरी, सुर्रा, सुता, पटा, पुतरी, ढार, नकबसेर, जनजातीय शिल्प एवं चित्रकला का प्रदर्शन- घड़वा, माटी कला, काष्ठ, पत्ता, ढोकरा, लौह, प्रस्तर, गोदना, भित्तीचित्र, शिसल, कोड़ी, शिल्प, बांस की कंघी, गीकी, (चटाई) घास के दानों की माला एवं जनजातीय पेय पदार्थ एवं व्यंजन का प्रदर्शन- सल्फी, ताड़ी, छिंदरस, हंडिया, पेज, कोसमा, माड़िया या मांड़, चापड़ा (चींटी की चटनी) अमारी शरबत एवं चटनी शामिल था।

## बस्तर पंडुम का दरभा जनपद में रही धूम



हरिभूमि न्यूज ⏭ दरभा

दरभा जनपद पंचायत के गुंडाधुर पार्क में गुरुवार को बस्तर पंडुम से आदिवासी रीती रिवाजों को मिला समुचित मंच। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के पहल पर जनजाति बाहुल्य बस्तर संभाग की स्थानीय कला एवं सांस्कृतिक परंपरा से परिपूर्ण बस्तर अंचल के लोककला, शिल्प, तीज, त्यौहार खानपान, बोली भाषा, रीति रिवाज, वेशभूषा, आभूषण, वाद्ययंत्र, पारंपरिक नृत्य, गीत, संगीत, लोकनाट्य पेय पदार्थों के मूल स्वरूप को संरक्षण संवर्धन एवं कला समूह के सतत विकास तथा जनजाति कलाकारों को प्रोत्साहित एवं सम्मानित करने के उद्देश्य से बस्तर पंडुम का आयोजन दरभा ब्लॉक मुख्यालय में किया गया।

इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जनपद पंचायत के अध्यक्ष मानकदई कश्यप, कार्यक्रम के अध्यक्ष सम्पति नाग जिला पंचायत सदस्य व विशिष्ट अतिथि जनपद पंचायत उपाध्यक्ष हरिप्रसाद कश्यप, पीडी सर, भाजपा मंडल अध्यक्ष देवी प्रसाद बेंजाम, जनपद सदस्य गागरा राम नाग, दयमती नाग, जयमनी मौर्य, गीता नाग, संतोष बघेल, सरपंच दरभा श्यामबती नाग, सरपंच दुर्गावती नाग, अन्य जनप्रतिनिधियों एवं तोकापाल अनुविभागीय अधिकारी मायानंद चंद्रा, मुख्य कार्यपालन अधिकारी केशरी लाल फाफा, मंडल सयोजक महेंद्र बघेल, फूलसिंह सेठिया, धर्मेंद्र ठाकुर, नारायण कुरानी, सुखराम कश्यप, मुन्नू सिंह ने स्थानीय माटी देवी कूट चंदिया चोका ओडिन मावली माता को पुष्प अर्पित करते हुए कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया। उपस्थित मुख्य अतिथि कार्यक्रम के अध्यक्ष एवं विशिष्ट अतिथियों का स्वागत सम्मान जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं कर्मचारियों के द्वारा पुष्प गुच्छ देकर सम्मान किया गया। कार्यक्रम के समापन के अवसर पर जनप्रतिनिधियों ने कहां कि आयोजन बस्तर की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित और सर्वधित करने के उद्देश्य से किया जा रहा है। बस्तर पंडुम के माध्यम से पारंपरिक नृत्य लोकगीत हस्तशिल्प और आदिवासी रीति-रिवाज को मंच प्रदान किया जाता है। जिससे स्थानीय संस्कृति को नई पहचान मिलती है।

## आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए लगेगा विशेष शिविर

हरिभूमि न्यूज ⏭ दंतेवाड़ा

कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी ने मंगलवार को कलेक्टोरेट सभाकक्ष में साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक ली। बैठक में उन्होंने नियद नेल्लानार योजना की एंट्री एवं सेचुरेशन प्रगति की समीक्षा करते हुए कहा कि जन्म प्रमाण पत्र, हर घर जल, निवास प्रमाण पत्र, आय प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र, प्रधानमंत्री कृषक सम्मान निधि

■ कलेक्टर ने विभागीय योजना को मिशन मोड में करने के दिए निर्देश

योजना, किसान क्रेडिट कार्ड, व्यक्तिगत शौचालय, महात्मा गांधी नरेगा में मांग के आधार पर 100 प्रतिशत जॉब कार्ड, प्रधानमंत्री आवास योजना, लघु वनोपजों की समर्थन मूल्य पर खरीदी, वन अधिकार पट्टा सेचुरेशन, सभी हाउसहोल्ड को विद्युतीकरण, आयुष्मान कार्ड निर्माण एवं वितरण,



गर्म भोजन-टीएचआर, प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, आंगनबाड़ी हितग्राही पंजीयन, टीबी स्क्रीनिंग, उज्ज्वला योजना, श्रमिक पंजीयन कार्ड, एनसीडी स्क्रीनिंग एवं मॉनिटरिंग, जननी सुरक्षा, एएनसी पंजीयन एवं जांच, पशु टीकाकरण, एम्युनाईजेशन, पाठ्य पुस्तक वितरण, प्रधानमंत्री पोषण शक्ति योजना, प्राथमिक शाला एनरोलमेंट, स्कूल गणवेश, सामाजिक सहायता कार्यक्रम के अंतर्गत विधवा पेंशन योजना, वृद्धावस्था पेंशन योजना, दिव्यांग पेंशन योजना सहित राईट टू स्किल, जनधन खाता, आधार कार्ड, प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना तथा राशन कार्ड की उपलब्धता शत-प्रतिशत सुनिश्चित करने के निर्देश सम्बंधित अधिकारियों को दिए। इसके साथ ही केंद्र शासन एवं राज्य शासन की विभागीय योजनाओं को मिशन मोड में क्रियान्वयन करने को कहा।

उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए 60 से 70 वर्ष के बुजुर्गों के लिए विशेष शिविर लगाए जाने के निर्देश स्वास्थ्य विभाग द्वारा जारी किए गए हैं। इन शिविरों का उद्देश्य उन बुजुर्गों को चिह्नित करना है जो इस योजना के तहत लाभ प्राप्त करने के योग्य हैं। इससे बुजुर्गों को मुफ्त या सस्ती स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ मिल सकेगा।

### बकावंड में ब्लॉक स्तर पर हुआ शानदार आयोजन

## बकावंड में बस्तर पंडूम की रही धूम, झूम उठे लोग

हरिभूमि न्यूज ⏭ बकावंड

जनपद पंचायत बकावंड में बस्तर पंडूम का भव्य आयोजन हुआ। आदिवासी संस्कृति और लोक कलाकारों की सुंदर प्रस्तुति ने उपस्थित अतिथियों और ग्रामीणों को नाचने झूमने पर मजबूर कर दिया। आनंद से सराबोर लोग नाचने गाने लगे।

आदिवासियों की संस्कृति के साथ-साथ बस्तर संभाग में निवासरतविभिन्न जनजातीय समूह अपनी मूल जनजातीय परंपराओं और संस्कृति को पीढ़ी दर पीढ़ी मानते संजोते आ रहे हैं। इन्हीं परंपराओं और संस्कृति का संगम बस्तर पंडूम में देखने को मिला। इसका आयोजन आदिवासी संस्कृति, लोक कलाकारों की सुंदर प्रस्तुति को देखकर दर्शक मंत्रमुग्ध हो गए। शासन के निर्देशानुसार बस्तर संभाग के अंतर्गत आदिकाल



से निवासरत जनजातीय समूहों की कला संस्कृति, मान्यताओं और प्रथाओं को जीवंत बनाए रखने के लिए बस्तर पंडूम का आयोजन किया जा रहा है। बस्तर संभाग में निवासरत मूल निवासी अपनी संस्कृति, परंपराओं, रीति- रिवाज, प्रथाओं तथा मान्यताओं पर चलते हुए जीवन निर्वाह करते हैं। बस्तर पंडूम का आयोजन

जनजातीय बहुल राज्य होने से छत्तीसगढ़ सरकार ने आदिवासियों की कला संस्कृति व परंपरा से परिपूर्ण बस्तर अंचल की लोककला, शिल्पकला, तीज, त्यौहार, खान-पान, बोली भाषा, रीति रिवाज वेशभूषा, आभूषण वाद्य यंत्र पारंपरिक नृत्य, संगीत नाटक, व्यंजनों के मूल स्वरूप को संरक्षण संवर्धन एवं कला समूहों के विकास तथा जनजातीय कलाकारों को प्रोत्साहित एवं सम्मानित करने के उद्देश्य से बस्तर पंडूम का आयोजन किया गया। आज जनपद पंचायत बकावंड के हाई स्कूल ग्राउंड पर बस्तर पंडूम का आयोजन किया गया।

इस दौरान प्रतियोगिताओं का आयोजन भी शासन के निर्देशानुसार किया गया। जनजातीय लोकनृत्य, जनजातीय लोकगीत, जनजातीय लोकनाट्य, जनजातीय वाद्य यंत्रों के वादन की प्रतियोगिताएं हुईं। जनजातीय पेय पदार्थ, जनजातीय शिल्पकला चित्रकला का प्रदर्शन, आभूषण वेशभूषा का प्रदर्शन किया गया। मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष बेदवती कश्यप थीं। अतिथि जनपद पंचायत अध्यक्ष सोनवारी, जिला पंचायत सदस्य सरिता जितेंद्र पाणिग्रही, बनवासी मौर्य, ललित कश्यप, ग्राम पंचायत के सरपंच पंच और विभागीय अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

## शिविर में क्षेत्र के सैकड़ों ग्रामीणों ने लिया लाभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोंटा

कोंटा विकासखंड के एलमागुड़ा में सेवा दे रही सीआरपीएफ 131वीं बटालियन के ई कम्पनी ने डीआईजी आनंद सिंह राजपुरोहित की उपस्थिति में ग्राम एलमागुंडा क्षेत्र में सिविक एक्शन प्रोग्राम का आयोजन किया। कमांण्डेट दीपक कुमार साहू के मार्गदर्शन में अमित प्रकाश, द्वितीय कमान अधिकारी जितेंद्र

■ नक्सल प्रभावित क्षेत्र में सेवा दे रही 131वीं बटालियन ने आयोजित की प्रोग्राम

राजपूत सहायक कमाण्डेन्ट ने प्रोग्राम का आयोजन कर ग्रामीणों को जरूरत का सामान वितरित किया। जिसमें बड़ी संख्या में ग्राम एलमागुंड़ा, पटेलपारा, मुरियापारा के ग्रामीण सीआरपीएफ कैम्प एलमागुंडा पहुंच इसका लाभ लिए।

इस सिविक एक्शन प्रोग्राम में डॉक्टर दशप्रित सिंह चिकित्सा अधिकारी के द्वारा ग्रामीणों की उचित चिकित्सा हेतु मेडिकल कैम्प लगाया गया। जिसमें ग्रामीणों का सामान्य स्वास्थ्य चैकअप महिला




पुरुष व बच्चों का उचित इलाज कर आवश्यक दवाईओं का वितरण किया गया। साथ ही साथ मलेरिया से बचने के उपाय व सही वक्त पर इलाज की सलाह सीआरपीएफ चिकित्सक के द्वारा दिया गया। कार्यक्रम में उपस्थित सभी ग्रामीणों के लिए भोजन का भी प्रबंध किया गया।

ज्ञात हो कि चिंतागुफा थाना क्षेत्र का एलमागुंडा गांव कभी नक्सलियों का सुरक्षित ठिकाना माना जाता रहा है। इस इलाके में चौबीसों घंटे नक्सलियों की मौजूदगी रहती थी। लेकिन जब से एलमागुंडा में सीआरपीएफ का कैम्प खोला गया है उसके बाद से सुरक्षाबलों के अधिकारियों द्वारा ग्रामीणों की बैठक लेकर उन्हें विश्वास दिलाया गया कि सुरक्षाबलों की तैनाती उस गांव के विकास और ग्रामीणों की सुरक्षा के लिए की गयी है। इसके बाद ग्रामीणों और सुरक्षाबलों के बीच बेहतर संबंध स्थापित हुआ है। उक्त प्रोग्राम के तहत केन्द्र सरकार द्वारा चलाई जा रही जन कल्याणकारी योजना के बारे में भी ग्रामीणों को विस्तृत जानकारी दिया गया।

**गांव हमारा घर, ग्रामीण हमारे परिवार : दीपक**

वर्तमान में चिंतागुफा थाना क्षेत्र के ग्राम एलमागुंडा में ई 131 वीं वाहिनी तैनात है। कमांडेंट दीपक कुमार साहू ने कहा कि सिविक एक्शन प्रोग्राम सीआरपीएफ का नियमित रूप से किया जानेवाला कार्यक्रम है जिससे दुर्गम स्थान पर मौजूद ग्रामीणों को इसका लाभ वास्तविक रूप से मिलता है। क्षेत्र के सभी ग्रामीण हमारा परिवार है और गाँव हमारा घर है हम अपने परिवार रुपी सभी ग्रामीण लोगों की सहायता एवं सहयोग के लिए हमेशा तत्पर रहेगे। विकास कार्यों को करवाने, ग्रामीणों की सुरक्षा एवं उनकी समस्याओं का समाधान हेतु सीआरपीएफ सदैव उनके साथ है।

### निर्माण कार्य में तेजी लाने के निर्देश : जैन

**सुकमा।** जिला पंचायत के सभाकक्ष में आज प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत जिले में स्वीकृत एवं प्रगतिरत आवासों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी नम्रता जैन ने की। इस दौरान जिले में आवास निर्माण की वर्तमान स्थिति पर विस्तार से चर्चा की गई और निर्माण कार्य में तेजी लाने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए। जिला प्रशासन इस योजना को सफल बनाने के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध है और लाभार्थियों को जल्द से जल्द उनके आवास उपलब्ध कराने के लिए हरसंभव प्रयास कर रहा है। सीईओ जिला पंचायत जैन ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत स्वीकृत आवासों का नियमित रूप से निरीक्षण किया जाए, ताकि निर्माण कार्य में प्रगति बनी रहे और कोई भी कार्य लंबित न रहे। उन्होंने कहा कि दूसरी किश्त जारी हो चुकी है।

## राजवंश के समाधि स्थलों का होगा जीर्णोद्धार : पाण्डेय

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

बस्तर के तत्कालीन महाराजा प्रवीरचन्द्र भजंदेव के एवं बस्तर राजवंश के समाधि स्थल बाहर मठ का 6 दशक बाद जीर्णोद्धार होगा। महापौर संजय पांडे ने समाधि स्थल बाहर मठ की चिंता करते समाधि स्थल की साफ-सफाई एवं मरम्मत

■ प्राचीन मठों की साफ सफाई के महापौर ने दिए निर्देश

के लिए निगम अधिकारियों को निर्देश दिए हैं। राजवंश के समाधि स्थल के वर्षो से देखरेख के अभाव में जीर्णशीर्ण होने की जानकारी प्रवीर वार्ड के रहवासियों ने महापौर की दी। महापौर ने इसे गम्भीरता से लेते दलबल के साथ राजवंश के समाधि स्थल बाहर मठ पहुंच स्थल का निरीक्षण किया और समाधि स्थल पर फैले पेड़-पौधे और



झाडीयो को अपने उपस्थिति में सफाई करवाई। साथ ही समाधि स्थल के टूट-,फुट गए कांक्रीट को मरम्मत करवाने निर्देश दिए। विदित हो कि 25 मार्च को बस्तर के महाराजा प्रवीरचंद्र भंजदेव की पुण्यतिथि है। उसके पहले ही राजपरिवार के पूर्वजों के मठों के आस पास साफ सफाई के निर्देश निगम अमले को मेयर ने दिए हैं।

**महाराजा प्रवीरचन्द्र की पुण्यतिथि ऐतिहासिक पर्व हो**

समाधि स्थल की साफ सफाई पुण्यतिथि के बाद भी नियमित रुप से कराने के लिए कहा। महापौरसुबह से ही इस व्यवस्था में जुटे रहे। उनकी मंशा है कि महाराजा प्रवीरचंद्र भंजदेव की पुण्यतिथि को एक ऐतिहासिक पर्व के रूप में मनाया जाए। इस संबंध में भाजपा के वरिष्ठ नेताओं एवं महाराजा कमलचंद्र भंजदेव जी से भी सलाह मशवरा करेंगे। उनके साथ पार्षद निर्मल पाणिग्राही, लक्ष्मण झा, शेख जाहिद हुसैन योगेश सिंह ठाकुर, वीरेंद्र शर्मा, नरेंद्र गुप्ता, सोनसिंह पटेल, चंदन तिवारी, गंगोत्री चंद्रवंशी, हीरामनी कोर्रम, संतोष बघेल, बुधराम पटेल, मोहन सेठिया, मनोज ठाकुर सहित निगम के अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

## झीरम के शहीदों के सम्मान के स्मारक को भाजपा नगर सरकार ने बना डाला शहीदों के अपमान का स्मारक : जावेद

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

भारतीय युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रवक्ता जावेद खान ने 25 मई 2013 के दिन झीरम घाटी में शहीद हुए जवानों, नेताओं और वाहन चालकों को श्रद्धांजलि देते हुए तत्कालीन कांग्रेस सरकार द्वारा 25 मई 2022 को लालबाग मैदान में बनाए गए झीरम शहीद स्मारक की दुर्दशा और उपेक्षा पर राज्य की भाजपा सरकार और निगम की भाजपा सरकार को आड़े हाथों लिया है। जावेद ने पूछा है कि क्या यही भाजपा की सरकारों का असली राष्ट्रवाद है जिसमें शहीदों के स्मरण स्थली की उपेक्षा की जाती है, उसे खंडित किया जाता है, शहीदों का अपमान किया जाता है, जावेद ने भाजपा सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा है कि जानबूझकर षडयंत्र पूर्वक झीरम शहीद स्मारक को उपेक्षित किया गया। वहां स्थापित शहीदों की मूर्तियों को क्षतिग्रस्त किया गया परंतु इस ओछी हरकत को करने से पहले भाजपा सरकार को यह देख लेना चाहिए था कि केवल वहां कांग्रेस के नेताओं की स्मृति चित्र नहीं हैं उस प्रांगण में झीरम में शहीद हुए जवानों,वाहन चालकों की भी स्मृति शेष है। जावेद ने महापौर संजय पांडे के उस बयान पर भी कड़ी आपत्ति दर्ज की है जिसमें उन्होंने कहा है कि यह मेमोरियल शहीदों का नहीं कांग्रेस के भ्रष्टाचार का मेमोरियल है। जावेद ने कहा कांग्रेस सरकार ने तो झीरम के शहीदों का मेमोरियल बनाया था, परंतु सरकार बदलते ही भाजपाईयों ने शहीदों की उपेक्षा और तिरस्कार का मेमोरियल बना डाला। महापौर अपनी गर्दन बचाने भ्रष्टाचार का आरोप तो बड़ी आसानी से लगा रहे हैं, परंतु उसे सिद्ध करने में उनके भी पसीने छूट जाएंगे क्योंकि यदि यह स्मारक भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ा है तो उस भ्रष्टाचार का सबसे बड़ी दोषी तो तत्कालीन महापौर सफीरा साहू होंगी। जिनके कार्यकाल में यह भ्रष्टाचार हुआ क्या आज वर्तमान महापौर पूर्व महापौर जो कि अब भाजपाई हैं उन्हें भ्रष्चारी सिद्ध कर पाएंगे जो कि वर्तमान महापौर के लिए असंभव है।

## छत्तीसगढ़ विधानसभा परिसर में गूंज उठी बीजापुर के युवाओं की बुलंद आवाज

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

बीजापुर जिले के युवाओं ने आज लोकतंत्र के मंदिर-विधानसभा परिसर में इतिहास रच दिया। राज्य

■ नक्सलवाद से मुक्ति और विकास की राह पर आगे बढ़ने का है इरादा

की 'स्वामी विवेकानंद युवा प्रोत्साहन योजना' के तहत शैक्षणिक भ्रमण पर पहुंचे बीजापुर के इन युवा प्रतिनिधियों ने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के सामने



एकजुट होकर अपनी मंशा व्यक्त की- हम अपने गांव, जिले और प्रदेश को नक्सलवाद से मुक्त देखना चाहते हैं और विकास की मुख्यधारा में शामिल होकर अपने भविष्य को उज्जवल बनाना चाहते हैं। इस ऐतिहासिक अवसर पर मुख्यमंत्री ने युवाओं की इस मजबूत इच्छाशक्ति की सराहना करते हुए कहा, आपका संकल्प ही हमारा संकल्प है। यदि क्षेत्र के युवा ठान लें, तो हम सभी के सहयोग से जल्द ही नक्सलवाद के अंधकार को समाप्त कर छत्तीसगढ़ को समृद्धि और विकास की नई ऊंचाइयों तक ले जाएंगे। मुख्यमंत्री ने युवाओं को भरोसा दिलाया कि राज्य सरकार 'नियद नेल्ला नार योजना' के माध्यम से उनके गांवों तक मूलभूत सुविधाएं पहुंचाने के लिए तेजी से कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि निरंतर खुल रहे सुरक्षा कैंपों और सुदूर अंचलों में प्रशासन की बढ़ती पहुंच से नक्सली दायरा सिमटता जा रहा है।

## खबर संक्षेप

### राजस्व सभापति संग्राम ने संभाला कार्यभार

**जगदलपुर।** नगर पालिक निगम के एमआईसी गठन के बाद गुरूवार को राजस्व विभाग के सभापति संग्राम सिंह राणा के चैंबर का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर महापौर संजय पाण्डे, स्पीकर खेमसिंह देवांगन सहित एमआईसी सदस्यों, पार्षदों और कर्मचारियों की उपस्थिति में कक्ष का मां दंतेश्वरी देवी की पूजा-अर्चना कर शुभारंभ किया गया। इस दौरान महापौर ने निगम के राजस्व सभापति एवं राजस्व विभाग की पूरी टीम को अधिक से अधिक राजस्व-कर संग्रहण करने की बात कही। महापौर,निगम अध्यक्ष के बाद अब राजस्व सभापति पदभार ग्रहण करते ही एमआईसी सदस्य एक्टिव मोड पर है। कार्यालय शुभांरभ के तुरंत बाद ही राजस्व सभापति संग्राम सिंह राणा ने एक्शन मोड पर काम करना शुरू कर दिया है। इस दौरान उन्होंने नगर निगम के राजस्व विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारियों की बैठक ली। बैठक में राजस्व विभाग से संबंधित समस्त दस्तावेजों एवं राजस्व आंकड़ों की जानकारी ली। बैठक में मौजूद अधिकारी-कर्मचारियों को संबोधित करते हुए राजस्व सभापति संग्राम सिंह राणा ने कहा कि निश्चित समय सीमा में अधिक से अधिक राजस्व कर वसूली की जाये ऐसा सुनिश्चित करें। साथ ही सुनिश्चित कार्ययोजना बनाकर कार्य करने पर ज़ोर दें।

### बीमा कंपनी देगी वाहन मरम्मत व्यय की राशि 5 लाख

**जगदलपुर।** जिला उपभोक्ता आयोग द्वारा हाल ही में एक प्रकरण में टाटा एआईजी जनरल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड द्वारा आवेदक को वाहन मरम्मत व्यय की राशि 5 लाख रुपए और मानसिक पीड़ा हेतु 5 हजार रूपए की क्षतिपूर्ति अदा करेगा। उक्त आदेश आयोग की अध्यक्ष सुजाता जसवाल, सदस्य आलोक कुमार दुबे एवं सीमा गोलछा की संयुक्त खंडपीठ द्वारा पारित किया गया है।
न्यायालयीन सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार शहर निवासी मृत्युंजय यादव द्वारा अपनी वाहन ट्रक का बीमा टाटा एआईजी जनरल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड के द्वारा करवाया गया था। आवेदक का उक्त वाहन एक सड़क दुर्घटना में क्षतिग्रस्त हो गया था। आवेदक द्वारा बीमा कंपनी को दुर्घटना की सूचना दिए जाने पर, बीमा कंपनी द्वारा विधिवत सर्वे करवाकर आवेदक से वाहन के मरम्मत का एस्टीमेट प्राप्त कर, आवश्यक दस्तावेज प्राप्त किए गए थे। आवेदक द्वारा लंबे समय तक बीमा कंपनी से पत्र व्यवहार करने और अधिवक्ता के माध्यम से विधिक सूचना पत्र प्रेषित किए जाने के पश्चात बीमा कंपनी द्वारा आवेदक का क्षतिपूर्ति दावा निरस्त कर दिया गया था।

### वर्ल्ड ओरल हेल्थ डे के अवसर पर निशुल्क मुख दंत जांच शिविर

**जगदलपुर।** इंडियन डेंटल एसोसिएशन (आईडीए) बस्तर ब्रांच द्वारा निःशुल्क मुख, दंत जांच शिविर एवं दवा वितरण शिविर का आयोजन गुरुवार को संजय मार्केट के पास में किया गया। यह आयोजन वर्ल्ड ओरल हेल्थ डे के उपलक्ष्य में किया गया है। इस आयोजन के मुख्य अतिथि महापौर संजय पाण्डे रहे।
शिविर में आईडीए बस्तर ब्रांच के वरिष्ठ और जूनियर डॉक्टरों ने अपनी सेवाएं दी। जिसमें मरीजों की मुफ्त दंत जांच की गई एवं निःशुल्क परामर्श दिया गया।

विरोध : 31 तक मांग पूरी नहीं होने पर 1 अप्रैल को मंत्रालय घेराव की दी चेतावनी

# पंचायत सचिव बेमियादी हड़ताल पर ग्रामीणों के कई कार्य हो रहे प्रभावित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| चारामा

प्रदेश पंचायत सचिव संघ के आहान पर छत्तीसगढ़ पंचायत सचिव संघ जनपद इकाई चारामा के सभी पंचायत सचिव अपने एक सूत्रीय मांग शासकीय कारण को लेकर 18 मार्च से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर है।

पंचायत सचिवों के द्वारा मोदी गारंटी पूरा नहीं करने के कारण 17 मार्च को विधानसभा का घेराव किया गया व 18 मार्च से जनपद मुख्यालय में अनिश्चित कालीन हड़ताल पर बैठ गए हैं। वहीं 31 मार्च तक मांग पूरी नहीं होने पर 1 अप्रैल को मंत्रालय का घेराव किया जाएगा। धरने पर बैठे पंचायत सचिव के अध्यक्ष ओकेश्वर साहू, कोषाअध्यक्ष निखलेश यादव, संरक्षक कल्ले सिंह शोरी ने बताया कि छत्तीसगढ़ में विधानसभा चुनाव के पूर्व मोदी की गारंटी के तहत भाजपा सरकार के द्वारा अपने घोषणा पत्र में पंचायत सचिवों को शासकीय कारण करने की बात कही गई थी, लेकिन चुनाव में जीत के एक वर्ष के बाद मोदी की गारंटी पूरी नहीं हो पाई है।




पंचायत सचिवों का शासकीय कारण नहीं हो पाया है। पंचायत सचिवों के द्वारा बार-बार प्रदेश के मुखिया से लेकर जिला कलेक्टर तक अपनी मांगों का पत्र पहुंचाया गया, लेकिन उनकी मांगों पर शासन की ओर से ध्यान नहीं दिया जा रहा है, जिससे नाराज पंचायत सचिव अब आर पार की लड़ाई लड़ने के लिए मैदान में उतर चुके हैं।

पंचायत सचिवों की शासकीयकरण की मांग पूरी नहीं होती है तो 1 अप्रैल को मंत्रालय का घेराव पूरे प्रदेश भर के पंचायत सचिव करेंगे। वहीं पंचायत सचिवों के हड़ताल पर चले जाने से ग्राम पंचायत के विभिन्न कार्य, जिसमें वर्तमान में सबसे जरूरी काम जो की 31 मार्च तक पूर्ण किया जाना है, वह प्रधानमंत्री आवास का सर्वे काम हैं। प्रधानमंत्री आवास का सर्वे कर गरीबी रेखा वाले हितग्राहियों को आवास प्रस्ताव 31 मार्च तक पूर्ण करके देना था, लेकिन पंचायत सचिवों के हड़ताल पर चले जाने से यह शासन की महत्वाकांक्षी योजना प्रवाहित होगी। वही बीते दो माह से ग्राम पंचायत के चुनाव के चलते ग्राम पंचायत के विकास एवं जनमानस के समस्याओं से जुड़े कई कार्य रुके हुए हैं और पंचायत के चुनाव खत्म होने के बाद पंचायत सचिवों के हड़ताल पर चले जाने से वह काम जो कि दो माह से रुके हुए थे।

अब आगे और रुके रहेंगे, जिसका खामियाजा ग्रामीणों को उठाना पड़ेगा। इसके अलावा जन्म मृत्यु प्रमाण पत्र पेंशन एवं अन्य कई कार्य जो पंचायत सचिवों के द्वारा किए जाते हैं, नए कार्यों के प्रस्ताव यह सब अटके हुए हैं। चारामा में पंचायत सचिव के धरने में कैलाश उसेंडी, सविता गोधरे, मुकेश कोमरा, वीरेंद्र सलाम, कमलेश यादव, रामचंद्र साहू, राम सिंह साहू, तुलसीदास मानिकपुरी, महेंद्र नरेटी, जगजीवन साहू, अनु लहरे, दशरथ नागवंशी, बलराम साहू सहित 64 पंचायत के सचिव एवं विकासखंड से लगे धमतरी जिला और कोयलीबेड़ा के साथ साथ अन्य विकासखंड के जनपद पंचायत के सचिव भी धरने में शामिल है।

## सीएम विशेष स्वास्थ्य सहायता योजना से बुजुर्ग को मिला नया जीवन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

- नि:शुल्क डायलिसिस की सुविधा से बुजुर्ग को मिली राहत



जीवन के अंतिम पड़ाव में बुढ़ापे के साथ कई तरह के रोग सिर उठाने लगते हैं। ऐसे में लोगों को अपनी जिन्दगी बचाने के लिए काफी पैसे खर्च करने पड़ते हैं। इन्हीं परेशानियों को देखते हुए प्रदेश सरकार द्वारा मुख्यमंत्री विशेष स्वास्थ्य सहायता योजना प्रारंभ की गई है, जिसके तहत गंभीर बीमारियों से पीड़ित मरीजों को उपचार के लिए आर्थिक सहायता राशि प्रदान की जाती है। नरहरपुर निवासी 66 वर्षीय वृद्ध बृजेश दुबे को डायलिसिस के लिए अब तक 3 लाख 33 हजार 960 रूपएं का लाभ मिल चुका है, जो उनके लिए बड़ा सहायक सिद्ध हुआ है। नरहरपुर के वार्ड क्रमांक 12 में रहने वाले बृजेश दुबे ने बताया कि उनकी दोनो किडनी वर्ष 2022 से फेल हो चुकी है, जिसके चलते उन्हें अस्पताल जाकर प्रत्येक सप्ताह दो बार अनिवार्य रूप से डायलिसिस कराना पड़ता है। हेपेटाइटिस बी पॉजिटिव के मरीज हैं, इसलिए रायपुर के एक निजी अस्पताल में जाकर डायलिसिस कराना पड़ रहा था, जिसका प्रति सेशन 2170 रूपए खर्च होता है। इस प्रकार हर सप्ताह 4340 रूपएं के अलावा रायपुर आने-जाने में काफी खर्च हो जाता है। मुख्यमंत्री विशेष स्वास्थ्य सहायता योजना के तहत उन्हें उपचार के लिए अब तक 3 लाख 33 हजार 960 रूपएं की स्वीकृति मिल चुकी है, जो उम्र के इस पड़ाव में बहुत बड़ी राहत देने वाला है। उन्होंने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के प्रति आभार प्रकट करते हुए कहा कि इस योजना से उनके जैसे अनेक जरूरतमंदों को नया जीवन मिल रहा है, जो किसी पुण्य कर्म से कम नहीं है।

### आदिवासी क्षेत्र में मुख सेहत पर जागरूक नही लोग

**जगदलपुर।** आदिवासी इलाकों में मुख की सेहत को लेकर आमतौर पर लोग जागरुक नहीं होते। ऐसे में डेंटिस्ट एसोसिएशन ने एक कैंप ग्रामीण क्षेत्र में लगाया गया और मुफ्त जांच, इलाज करने के साथ ही बीमार लोगों को दवा का वितरण भी किया। डेंटिस्ट डॉ रुबीना खान ने बताया लगातार तीसरे साल वर्ल्ड ओरल डे पर यह आयोजन डेंटिस्ट संगठन के द्वारा किया गया। डेंटिस्ट संगठन के डॉक्टरों ने लोगों के प्रतिसाद को बेहतर माना और उन्हें जागरूक करने के साथ ही न केवल मुफ्त दवा बांटी।

## बस्तर पंडुम का उद्देश्य जनजाति संस्कृति का संवर्धन -संरक्षण करना है : किरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भानुप्रतापपुर

विकासखंड भानुप्रतापपुर के कराठी सरई बगीचा में 20 मार्च को बस्तर पंडुम का आयोजन किया गया है। इस पंडुम में क्षेत्र के समुदाय के लोगों ने जनजाति समुदाय के डंडा नाच, मांदरी नृत्य, विवाह गीत के अलावा विभिन्न वाद्य यंत्रों का प्रदर्शन कर नृत्य किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष किरण नरेटी ने कहा बस्तर पंडुम का उद्देश्य बस्तर की जनजाति संस्कृति के संवर्धन व संरक्षण के लिए हमारे केंद्र की और राज्य की सरकार ऐसा आयोजन कर रहा है। इससे आने वाली पीढ़ी इसका अनुकरण करेगा। समाज का गौरवशाली इतिहास रहा है, जिससे हम आज खुली हवा में सांस ले पा रहे हैं। जनजाति समाज के हमारे गौरव शहीद वीर नारायण सिंह, बिरसा मुंडा, रानी दुर्गावती जैसे महान विभूतियों ने हमारे समाज के लिए किया, वह निश्चित रूप से अनुकरणीय है। उसी को याद करते हुए सरकार ने बस्तर पंडुम का आयोजन कर रहा है, जिससे हम उन सबको याद करने का समय है। साथ ही बस्तर में अपनी संस्कृति वेशभूषा खान-पान को हमारे आने वाली पीढ़ी इसे संरक्षित करें, इसका उद्देश्य है। जनपद अध्यक्ष सुनाराम तेता ने कहा बस्तर पंडुम में हमारे समाज के विभिन्न गांव से आए समुदाय के लोगों ने




सरई बगीचा पंडुम कार्यक्रम में वाद्य यंत्रों की धुन में डंडा, मांदरी नृत्य, विवाह गीत की प्रस्तुति

अपना वेशभूषा-कला का प्रदर्शन किया है। यह निश्चित रूप से हमारी संस्कृति हमारी विरासत परंपरागत समुदाय के आने वाली पीढ़ी को जानकारी देना है और जो विलुप्त हो रही है उसे भी बचाना है। नगर पंचायत अध्यक्ष निखिल सिंह राठौर ने कहा प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की सोच बस्तर में जिस हिसाब से जनजाति गौरव उनकी संस्कृति उनकी वेशभूषा परंपरा खानपान को लेकर चिंता करते हुए ऐसा आयोजन पूरे संभाग में प्रत्येक ब्लॉक में किया जा रहा है, यह निश्चित रूप से समाज के लिए गौरव की बात है। भाजपा नेता कोमल हुपेंडी, भाजयुमों जिलाध्यक्ष राजा पांडे, भाजपा के पूर्व मंडल अध्यक्ष नरोत्तम सिंह चौहान ने भी संबोधित किया। कराठी में आयोजित कार्यक्रम में जनजाति वेशभूषा जिसमे मयूर पंख, मयूर सींग, तीरधनुष, खुमरी, करधन, गोदना प्रदर्शन किया गया, जिससे महिलाओं में बस्तर के पारंपरिक आभूषण, असली पहुंची, चूड़ा, करधन, कौड़ी माला, कौड़ी गजरा, जालिम टोपा, खोचनी, रुपया माला, जोबा, सिहारी, बिजमाला सहित लाईंग ल्योर की जैसे पारंपरिक वेशभूषा का भी प्रदर्शन किया गया। विभिन्न स्टॉल में लगाए गए जनजाति व्यंजन जिसमें माड़िया पेज, जीर्रा चटनी, सल्फी, महुआ शराब, ईमली, जीर्रा शरबत, महुआ, तेंदू, टोकरी, जिमी कांदा सहित विभिन्न जनों का व्यंजनों का प्रदर्शन किया गया। संस्कृति पर आधारित लोक नृत्य लोकगीत जनजाति पारंपरिक कार्यक्रम कभी आयोजन लगातार किया गया। अतिथियों के द्वारा सभी व्यंजनों का लुफ्त भी उठाया और उसके बारे में जानकारी भी लिया। अतिथियों ने स्टॉल में लगाये वेशभूषा को भी देखा। कार्यक्रम में जनपद उपाध्यक्ष निर्मला कावड़े, जनपद नगर पंचायत उपाध्यक्ष गजानंद डड़सेना, पार्षद रजिंदर रंधावा, जनपद सदस्य विष्णु कचलाम, वरुण खापर्डे, सरोज मरकाम, बंटी सचदेव, जनपद पंचायत सीईओ अशोक ठाकुर, राधेश्याम भास्कर, बीईओ सदे सिंह कोमरे, राधेलाल नुरूटी, वीरेंद्र कोरोटी, पारस हुसेन्डी, कांशीराम दर्रो सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

## ई-रिक्शा खराब हुई, सफाई ठप नगरवासियों की परेशानी बढ़ी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पखांजूर




नगर पंचायत पखांजुर में स्वच्छ भारत मिशन के तहत घर घर जाकर कचरा लेने वाला ई-रिक्शा कई महीने से खराब पड़े हुए है। नगर पंचायत में दस ई-रिक्शा स्वच्छता भारत मिशन के तहत पिछली कांग्रेस सरकार ने नगर पंचायत पखांजुर को दिया था। इन 10 ई-रिक्शा में से अभी बस 2 ही चलने लायक बचे है और 8 ई रिक्शा कंडम पड़ा हुआ है। नगर पंचायत पखांजुर के जिम्मेदार अधिकारी ध्यान नहीं दे रहें है। नगर पंचायत के वार्डवासी कई बार शिकायत किए हैं, लेकिन उसका निराकरण अब तक भी नहीं हो पाया है। इस संबंध में नगर पंचायत पखांजुर के वार्ड क्रमांक 13 के पार्षद राजदीप हलदर ने कहा कि हमें नगर पंचायत के परिषद बैठक में ई-रिक्शा की निराकरण के लिए मांग किया गया एवं नए ई-रिक्शा का भी मांग की गई है। शासन प्रशासन से यह एक महत्वपूर्ण योजना है। स्वच्छ भारत मिशन के तहत हमारे कांग्रेस पार्टी की ओर से मांग करती है कि तत्काल छत्तीसगढ़ शासन इसे गंभीरता से लेते हुए ई-रिक्शा की तत्काल व्यवस्था किया जाए, ताकि नगर पंचायत पखांजुर में स्वच्छता बनी रहे एवं लोगों को कोई परेशानी ना हो। समस्या को देखते हुए नगर पंचायत पखांजुर के वार्ड क्रमांक 2 के निवासी हरपाल सिंह कहना है कि स्वच्छ भारत मिशन के तहत घर-घर जाकर कचरा लेने वाली 8 ई-रिक्शा खराब पड़े हुई है और दो ले देकर चल रहा है। साथ में एक छोटा हाथी वाहन से पूरे नगर पंचायत को संभाल रहा है। हफ्ते में एक ही दिन या भूल कर भी दो दिन आ जाता है। यहां बहुत गंभीर विषय है। दैनिक कचरा है वह कहां डालें? कहां फेंके? अगर इधर-उधर फेंकते हैं तो स्वच्छ भारत मिशन के तहत भी यह उल्लंघन होगा, लेकिन यहां नगर पंचायत पखांजुर अब तक सुध नहीं ले पा रही है। हम हर महीने 30 रूपएं देते हैं, लेकिन कचरा लेने के समय बहुत ही ज्यादा दिक्कत होती है। इस संबंध में नगर पंचायत पखांजुर के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुनील जैन के मोबाईल पर संपर्क करने का प्रयाय किया गया, उनके मोबाईल की घंटी बजती रही, परंतु काल रिसीव नहीं हुआ, यहीं से अधिकारी की गंभीरता का अंदाज लगाया जा सकता है।

## राधा कृष्ण मंदिर की स्थापना के लिए किया गया भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भानुपप्रतापपुर

नगर पंचायत भानुपप्रतापपुर के वार्ड क्रमांक 9 में नवनिर्वाचित अध्यक्ष निखिल सिंह राठौर ने गुरुवार को शिवलिंग एवं राधा कृष्ण मंदिर की स्थापना के लिए भूमिपूजन किया है। उन्होंने श्री शिद्ध नर्मदेश्वर महादेव एवं बाके बिहारी समिति के मांग एवं श्रद्धालुओं के आस्था को समझते हुए तत्काल भूमिपूजन किया।

समिति के अध्यक्ष धनेश्वरी यादव ने कहा कि क्षेत्र के लोग सावन माह में श्रद्धा रख दूर-दूर तक शिवालयों में जलाभिषेक करने जाते हैं, ऐसे में हमारे यह शिवलिंग की मूर्ति स्थापित करना वार्ड क्रमांक 09 के अलावा क्षेत्र के श्रद्धालुओं के आस्था का केंद्र होगा। उन्होंने अध्यक्ष निखिल सिंह राठौर को बहुत-बहुत धन्यवाद देते हुए कहा कि उन्होंने धार्मिक आस्था को समझते हुए आस्था का केंद्र बनने वाले भव्य और बड़ा शिवलिंग और राधा कृष्ण मंदिर स्थापित करने जा रहा है। इस अवसर पर श्री शिद्ध नर्मदेश्वर महादेव एवं बांके बिहारी समिति भानुप्रतापपुर के अध्यक्ष धनेश्वरी यादव, मुकेश यादव, संबति यादव, कुंती, रोमिने, देविका, उषा, सुकारो, किरण, अर्चना चौहान सहित समिति के सदस्यगण उपस्थित रहे।

## उधारी मांगने पर दुकानदार की पिटाई, आरोपी पर मामला दर्ज

**कांकेर।** शहर के सिटी सेंटर के पास चाय दुकान के संचालक से आरोपी युवक ने सिंगरेट मांगा। दुकान का संचालक ने आरोपी से उधारी के पैसे व सिगरेट के पैसे मांगने पर आरोपी दबंगाई दिखाते हुए मारपीट करने पर उतारू हो गया। आरोपी ने दुकानदार को हाथ मुक्का व बांस के डंडा से हमला कर घायल कर दिया। घायल युवक की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है।



थाना में शिकायत करने पहुंचे सुभाष वार्ड कांकेर निवासी 28 वर्षीय शाहरूख खान पिता अब्दुल फरीद ने पुलिस को बताया कि सिटी सेंटर के पास चाय दुकान चलाता हूं और 19 मार्च को शाम करीबन 4 बजे आरोपी अघन नगर निवासी संजू मेरे चाय दुकान में आया और सिगरेट मांगने लगा। मैंने उससे पैसा मांगा और बोला कि पहले का भी उधारी है, उधारी वाला पैसा दो फिर तुमको सिगरेट दूंगा। मेरे द्वारा इतना बोलने पर आरोपी ने बोला कि तू कौन होता है, मुझे सिगरेट देने से मना करने वाला, तुझे जान से मार डालूंगा कहकर गाली देना शुरू कर दिया। हाथ थप्पड़ एवं पास में पड़े बांस के डंडा से मारपीट करने लगा, जिससे मेरे गला, दाहिने हांथ एवं गाल में चोट आई है। पास में मौजूद लोगो ने बीच बचाव किया। शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 115 (2), 296, 351 (3) बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया गया।

## चेंबर चुनाव : प्रदेश उपाध्यक्ष एवं प्रदेश मंत्री निर्विरोध बने




**कांकेर।** छग चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्टीज चुनाव 2025 के चुनाव में कांकेर से प्रदेश उपाध्यक्ष के लिए अशोक राठी और प्रदेश मंत्री पद के लिए चारामा से महेश भोजवानी ने नामांकन दाखिल किया था, परंतु इन पदों पर अन्य किसी के द्वारा नामांकन नहीं भरने पर इन पदों के लिए निर्वाचन प्रक्रिया निर्विरोध हो गई। कांकेर जिले से चैंबर ऑफ कॉमर्स के प्रदेश उपाध्यक्ष के प्रत्याशी अशोक राठी एवं प्रदेश मंत्री पद के प्रत्याशी महेश भोजवानी ने बताया कि इस चुनाव में जय व्यापार पेनल के समस्त प्रत्याशी एवं पदधिकारी हमारे व्यापारियों की एक जुटता एवं उन्नति के लिए संकल्पबद्ध हैं और हमारी टीम व्यापारी हितों की रक्षा और नई संभावनाओं के द्वार खोलने का काम करेगी और जय व्यापार पेनल व्यापारिक हितों के लिए एवं सशक्तीकरण की दिशा में मजबूती से कदम बढ़ाएगी। चैंबर ऑफ कॉमर्स के अन्य पदों पर 21 मार्च को रायपुर में मतदान होना है, जिसमें निर्विरोध हुए प्रत्याशियों के नाम की घोषणा भी की जाएगी।

### साहू समाज के होली मिलन में जमकर उड़े रंग गुलाल

**जगदलपुर।** क्षेत्रीय साहू समाज तेतरकुटी ने रंग पंचमी के दिन होली मिलन समारोह मनाया। प्राप्त जानकारी के अनुसार साहू समाज के अध्यक्ष गणेश राम साहू के निवास में साहू समाज के गणमान्य जनो की उपस्थिति में सद्भाव के साथ होली मिलन समारोह आयोजित किया गया। इस दौरान एक-दूसरे को रंग गुलाल लगाकर तथा मुंह मीठा कर पर्व की बधाई दी गई।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, फेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

## बीएसएफ शिविर में उपचार किया व सामग्री बांटी गई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्गूकोंदल

178 वीं वाहिनी सीमा सुरक्षा बल की सीओबी बड़गांव में 20 मार्च को नागरिक सहायता कार्यक्रम के तहत चिखली के शाउमा विद्यालय में निःशुल्क चिकित्सा शिविर एवं सहायता सामग्री वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस पहल का उद्देश्य स्थानीय ग्रामीणों को आवश्यक सहायता प्रदान कर सुरक्षा बलों और जनता के बीच मजबूत संबंध स्थापित करना था।

बीएसएफ के अधिकारियों के द्वारा लगाए गए शिविर में बड़गांव, मुरावंडी, मसूर, हिमतवाही, सोनपाल, चिखली, दोरदेकदर, मंगाहुर, गुरवंडी एवं खेरेगांव के ग्रामीण पहुँचे, जिन्होने अपने स्वास्थ्य की जाँच करवाया वहीं बीएसएफ के चिकित्सकों ने जाँच कर निःशुल्क दवाईयां भी दी। इस



अवसर पर द्वितीय कमान अधिकारी जेआर कुजूर, सहायक कमांडेटे अजीत कुमार, चिकित्सा अधिकारी डॉ. रवि कुमार, बड़गांव सरपंच शम्बू सलाम, मुरावंडी सरपंच मांगू राम उसेंडी, हिमतवाही सरपंच कुबेर दर्रो, चिखली सरपंच सोनबती ध्रुव, मंगूर सरपंच फुलेश्वरी कड़ियाम के अलावा इन गांव के ग्रामीण भी उपस्थित रहे।

online Booking:-www.tripuryatra.com


स्पेशल ट्रेन से - 01 जुलाई से 10 जुलाई 2025 (10 दिन)
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
अमरनाथ यात्रा
बाबा अमरनाथ, माता वैष्णव देवी
11 यात्रियों की बुकिंग पर एक यात्री नि:शुल्क
नोट :- बुकिंग आप जल्द करवाले क्योंकि रजिस्ट्रेशन व मेडिकल करवाना अनिवार्य रहता है।
राशि:-स्लीपर 13,500/-, 3 एसी 18,500/-, 2 एसी 22,500/-[+ 5% GST]
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
संपर्क करें:-7354-411411

प्रशिक्षित ड्राइवर मंथली/डेली बेसिस पर उपलब्ध है
नोट - हमारे द्वारा प्रशिक्षित ड्राइवर ये सारे पॉइंट फॉलो करते है।
1. गाड़ी चलते समय पान मसाला / सिगरेट का सेवन नहीं करते है।
2. एक बार में फ़ोन उठाते है, कॉल मिस होने पर कॉल बैक करते है।
3. प्रतिदिन गाड़ी की साफ सफाई करते है।
4. गाड़ी हमेशा सुरक्षित स्पीड में चलाते है।
5. ड्यूटी के दौरान यूनीफॉम में रहते है।
अधिक जानकारी के लिए स्कैन करे।
संपर्क करें- 7837411411
Rahul Travels One Way Taxi Pvt Ltd
Beside Raipur Airport